

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 41 वें स्थापना दिवस समारोह में छात्रा को सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 344 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## 'गरीबी हटाओ' कांग्रेस का पसंदीदा जुमला: मोदी

- पीएम मोदी ने गांधी परिवार पर साधा निशाना, कहा- कुविचार, कुरीति, कुनीति इनकी परंपरा

**कांग्रेस को घेरा**

**कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी: पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा में पीएम मोदी ने संविधान के 75 वर्ष के गौरवशाली यात्रा पर बहस में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस और गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा- कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देश के लंबे इतिहास में एक ही परिवार ने राज किया है। इस परिवार के कुविचार, कुरीति, कुनीति, इसकी परंपरा निरंतर चल रही है। हर स्तर पर इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी है।

**संविधान निर्माताओं का भी अपमान हुआ था- पीएम**

पीएम मोदी ने आगे कहा- 1947 से 1952 इस देश में चुनी हुई सरकार नहीं थी। एक अस्थायी व्यवस्था, एक सेलेक्टेड सरकार थी। चुनाव नहीं हुए थे। एक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर खाका खड़ा हुआ था। 1952 के पहले राज्यसभा का गठन नहीं हुआ था। जनता का कोई आदेश नहीं हुआ था। अभी अभी तो संविधान निमार्ताओं ने संविधान बनाया था। तब उन्होंने ऑर्डिनेंस कर के संविधान को बदला और किया क्या- अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला कर दिया गया। ये संविधान निमार्ताओं का भी अपमान था। लेकिन वहां उनकी चली नहीं। बाद में जैसे ही मौका मिला, उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी का हथौड़ा मार दिया।

### 'कांग्रेस के मुंह लगा संविधान संशोधन का खून'

**पीएम मोदी** ने कहा- नेहरू जी ने उस दौरान एक चिट्ठी लिखी थी। अगर संविधान हमारे रास्ते में आ जाए तो हर हाल में संविधान में परिवर्तन करना चाहिए। जब देश में संविधान नहीं था। तब राजेंद्र प्रसाद जी ने चेताया था कि यह गलत कर रहे हो। तब हमारे स्पीकर ने भी इसे गलत बताया था। आचार्य कृपलानी, जयप्रकाश नारायण जैसी बड़ी शख्सियतों ने भी इसे गलत करार दिया। लेकिन नेहरू जी का अलग संविधान चलता था। इसलिए उन्होंने इतने वरिष्ठ महानुभावों की सलाह नहीं मानी और उनकी राय को दरकिनार कर दिया। पीएम मोदी आगे कहा कि, संविधान संशोधन का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वो समय-समय पर इसका शिकार करती रही। छह दशक में करीब 75 बार संविधान को बदला गया।

## किसानों का दिल्ली कूच का प्रयास नाकाम



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंजाब और** हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर से शनिवार को किसानों ने तीसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास करते हुए पुलिस के आंसू गैस और पानी की बौछारों का सामना किया।लेकिन तीसरी बार का प्रयास भी नाकाम रहा और पुलिस ने घग्घर पुल से 101 किसानो के जत्थे को लौटा दिया। किसानों ने अब दिल्ली कूच को छोड़कर 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकलने, पंजाब में 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन चलाने का ऐलान किया है।

शंभू बॉर्डर से शनिवार दोपहर 12 बजे 101 किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी पर बने पुल पर की गई बैरिकेडिंग पर रोक लिया। करीब 40 मिनट तक पुलिस से बहस के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। जिसमें 10 किसान घायल हुए।

**असफल**

**पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारों से रोका, अब किसानो का ट्रैक्टर मार्च और रेल रोको आंदोलन**

करीब 2 घंटे बाद 2 बजे किसानों के जत्थे को वापस बुला लिया गया। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने रॉकेट लॉन्चर से बम-गोलियां चलाई। घग्गर नदी का गंदा और केमिकल वाला पानी प्रयोग किया।

किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। इसके बाद 18 दिसंबर को पंजाब में 12 बजे से 3 बजे तक रेल रोको अभियान चलाया जाएगा। 18 तक कोई जत्था दिल्ली कूच नहीं करेगा। उधर शंभू बॉर्डर पर किसान ने आत्महत्या की कोशिश की। किसान नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि लुधियाना के खन्ना के किसान ने सल्फास निगला।






# हवाला के जरिए आता था रुपया, करते थे ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर 63 थाना पुलिस, क्राइम रेस्पांस टीम (सीआरटी) व स्वॉट टीम ने सेक्टर 63 के ए ब्लॉक में पकड़े फर्जी कॉल सेंटर मामले में दो-तीन दिन पहले ही हवाला से नकद तीन लाख रुपये आए थे। स्टाफ को प्रति कॉल सक्सेस होने पर डॉलर के हिसाब से मोटा इनसेंटिव मिलता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए कॉल सेंटर को हवाला के माध्यम से नकद धनराशि प्राप्त हो रही थी। हाल ही में भी तीन लाख रुपये की धनराशि आई थी। इसको स्टाफ को बांटा गया था। वहीं, कुछ स्टाफ ने एक दिसंबर के आसपास ज्वॉइनिंग की थी। इनमें मुंबई, पश्चिम बंगाल के आए युवक शामिल थे।

**नया स्टाफ भी कर रहा था ट्रेनिंग:** कॉल सेंटर पर ही नए स्टाफ को ट्रेनिंग दी जा रही थी। इनसे करीब एक माह इनिशियल ट्रेनिंग पूरी होने के बाद काम लिया जाना था। उधर, थाना पुलिस को आरोपी संचालक कुरुनाल रे और अन्य दो संचालक सौरभ व सादिक पर दर्ज मुकदमों का पोर्टल पर कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है।

**दूसरे राज्यों से पुलिस लेगी जानकारी:** हालांकि पुलिस आरोपियों से मिले केस की जानकारी के आधार पर काम कर रही है। गुजरात, गुरुग्राम व अन्य राज्यों की पुलिस से संपर्क करने पर जोर है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्तिमोहन अवस्थी ने बताया कि कॉल सेंटर फजीर्वाड़े में पुलिस की ओर से जांच जारी है।

**यह है मामला:** सेक्टर 63 थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कॉल सेंटर से चार सरगना समेत नौ महिला और 67 पुरुषों को गिरफ्तार किया था।



आरोपी विदेशी नागरिकों को फर्जी पार्सल भेजने, टेक सपोर्ट व लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। नागरिकों से गिफ्ट कार्ड, चेक आदि की डिटेल लेकर ब्लॉगर के माध्यम से धनराशि ठग रहे थे। कॉल सेंटर कर्मियों को हवाला के माध्यम से धनराशि मिल रही थी।

**कॉल सेंटर के संचालक पहले जा चुके हैं जेल:** वड़ोदरा (गुजरात) जिले के थाना करोली बाग के प्रकाश नगर के रहने वाले कुरुनाल रे, फतेहगंज थाना क्षेत्र स्थित निर्मला अपार्टमेंट में रहने वाले साजिद, थाना क्षेत्र गौरवा के अलीमान मधुनगर निवासी सादिक ठाकुर और अहमदाबाद के थाना वटवा क्षेत्र के सोनू पार्क निवासी सौरभ राजपूत कॉल सेंटर के सरगना हैं। गुजरात, नॉर्थ ईस्ट, मुंबई, यूपी, पंजाब, पश्चिम बंगाल के रहने वाले अन्य आरोपी स्टाफ के रूप में काम कर रहे थे।

**खुलासा**

▶▶ पकड़े फर्जी कॉल सेंटर मामले में दो-तीन दिन पहले ही हवाला से नकद तीन लाख रुपये आए थे

कुरुनाल, सौरभ, साजिद फर्जी कॉल सेंटर (ठर्ङ्क ऱ्ही उं'' डील्लड्डी१) संचालन मामले में पहले जेल जा चुके हैं।

**तीन तरह से कर रहे थे ठगी :** पूछताछ में बताया कि चारों पार्टनर यूएस के शातिरों से स्काईप एप के माध्यम से विदेशी नागरिकों का लोन संबंधित व्यक्तिगत डाटा खरीदते थे और यूएसडीटी में पमेंट करते थे। आरोपित डाटा काल सेंटर के स्टाफ को मुहैया कराते। लोगों से सर्विस के नाम पर एप्पल, ई-बे, वालमार्ट गिफ्टकार्ड के माध्यम से पेमेंट लेते।

**लोन फजीर्वाड़ा:** आरोपित लोन लेने वाले विदेशी लोगों को मैसेज भेजकर संपर्क करते। लोन कराने के नाम पर 100 डालर पंजीकरण व 500 डालर पेमेंट होने के नाम पर चार्ज करते। फोटो खींचकर लोन होने का फर्जी चेक भेज देते थे। खाते में पैसा आने से पहले ही सर्विस चार्ज वसूल कर लेते।

**टेक सपोर्ट फजीर्वाड़ा:** विदेशी लोगों के सिस्टम पर बग का मैसेज भेजते और माइक्रोसाफ्ट अधिकारी व स्टाफ बताकर टेक सपोर्ट देते। सर्विस के नाम पर पीड़ित को एक कमांड बताते और पमेंट प्राप्त कर लेते। नागरिकों को वाइस नोट भेजते कि आपका पार्सल रेडी टू डिलीवर है। ग्राहकों के मना करने पर अकाउंट चोरी होने की बात कहते और नया एकाउंट बनाने के नाम पर पमेंट लेते।

## मोदीनगर की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, आसपास के मकानों में आई दरार

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के मोदीनगर के ऊंची सड़क पर स्थित एक सर्जिकल सामान बनाने वाली तीन मंजिला फैक्ट्री में बृहस्पतिवार रात अचानक भीषण आग लग गई। इस आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में सफल रहीं। आग की चपेट में आने से आसपास के दो मकानों में दरारें आ गईं।


### रेल विद्युतीकरण, अम्बाला छावनी

**निविदा सूचना सं.:** आरई/यूएमबी/ईएल/एडीवीटी./09 **दिनांक:** 11.12.2024

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मुख्य परियोजना निदेशक, रेलवे विद्युतीकरण, अंबाला कैंट निम्नलिखित कार्य हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **खुली निविदा** आमंत्रित करता है। निविदाकर्ता अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक जमा कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| निविदा संख्या एवं निविदा शीर्षक | अनुमानित लागत (रू.) | बयाना राशि (रू.) | कार्य समापन की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | बन्द होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा संख्याः आरई-यूएमबी-साइडिंग्स-एफजेडआर-03 | 2.87 करोड़ | 2,93,400 | 06 माह | निल | 10.01.2025 को 15:30 बजे |

फिरोजपुर मंडल के लुधियाना-फिरोजपुर खंड और फिल्लौर-लोहियां खास खंड में पड़ने वाली साइडिंगों का विद्युतीकरण।

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं यहाँ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत (टीडीसी) भुगतान केवल नेट बैंकिंग और गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या का विवरण और तकनीकी विवरण प्रदान किया गया है। सॉफ्टवेयर **(IREPS)** में टेक्निकल डीटेल दिये गये हैं जो पंजीकृत निविदादाता को निविदा भरते समय उपलब्ध होगा।

**नोटः-** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / रेलवे विद्युतीकरण / अम्बाला छावनी**

**पी.आर./50/2024/अनु** **भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से**

''ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ''


## दोस्तों ने की थी तरुण की हत्या, सीसीटीवी ने खोला राज




**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** लोनी में हनुमान वाटिका कॉलोनी में मजदूर तरुण कुमार (26) की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। शुरूआती जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बताया कि तरुण की हत्या उसके दो दोस्तों ने की थी। इन दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, और उनके पास से तरुण का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। घटना की शुरूआत 29 अगस्त को हुई, जब तरुण के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उसकी तलाश में जुटी ही थी कि उसी दिन हनुमान वाटिका में एक शव बरामद हुआ। शव सड़ी-गली हालत में था और पहचान में नहीं आ रहा था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चला कि यह शव तरुण का है और उसकी हत्या ईंट से की गई थी। तरुण के पिता हरपेश कुमार ने शव को पहचानते ही रोते हुए इसकी पुष्टि की। शव उनके घर से महज 50 मीटर की दूरी पर मिला था।

पुलिस ने शव का निरीक्षण किया और पाया कि शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे स्पष्ट हो गया कि हत्या के पीछे क्रूरता का मामला है। हत्या के मुख्य संदिग्धों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। फुटेज में तरुण के साथ उसके दो दोस्त अजय कुमार उर्फ जय कुमार और ईशू राजपूत उर्फ विजय को जाते हुए देखा गया।

## महाकुंभ के लिए 'भगवा रंग' में रफ्तार भरेंगी रोडवेज बसें

**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद।** भगवा रंग में भारतीय संस्कृति, हिंदू धर्म व जीवन पद्धति का संदेश छिपा है। अब यह रंग श्रद्धालुओं को महाकुंभ में ले जाने वाली परिवहन निगम की रोडवेज बसों पर भी दिखाई देगा। जो श्रद्धालुओं को इसका एहसास कराएगा। शासन के आदेश पर बसों को भगवा रंग से रंगने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए निगम को शासन से करीब 20.48 लाख का बजट भी मिला है। प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं को कुंभ मेला में शामिल होने के लिए किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए गाजियाबाद क्षेत्र के कौशांबी, लोनी, साहिबाबाद, हापुड़, सिकंदराबाद, खुर्जा और बुलंदशहर डिपो की 600 रोडवेज बसें भी आरक्षित की गईं हैं।




**344 बसें पहले ही भगवा रंग में रंगी जा चुकीं**
इनमें से 344 बसें पहले ही भगवा रंग की हैं। इनमें से 256 बसें ऐसी हैं, जो भगवा रंग की नहीं हैं। ये बसें लाल और सफेद रंग की हैं। शासन से आदेश जारी किए गए हैं कि जो बसें महाकुंभ में शामिल होंगी, वह भगवा रंग में रंगी होनी चाहिए। लाल और सफेद रंग की बसों को भी भगवा रंग में रंगा जाएगा। इसके लिए शासन से प्रत्येक बस के लिए आठ हजार का बजट मिला है। बसों को रंगने का कार्य शुरू कर दिया गया है। दिसंबर के अंत तक रंगाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। दरअसल, रीजन की बसों का मऊ, गोरखपुर, आंबेडकर नगर, हापुड़, गाजियाबाद और बाराबंकी समेत कुल 11 रूटों से बसों का संचालन किया जाएगा।

**हर बस पर लिखा होगा "महाकुंभ चलें"**
जिन बसों को भगवा रंग में रंगा जा रहा है उन सभी बसों पर "महाकुंभ चलें" भी लिखा होगा। इससे श्रद्धालु महाकुंभ मेला में जाने वाली बसों की आसानी से पहचान कर सकेंगे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए बसों में भजन भी बजेंगे। महाकुंभ जाने वाली बसों पर एक हजार से अधिक चालक-परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई है उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उन्हें श्रद्धालुओं से परेशानी आने पर उससे निपटने के बारे में बताया जाएगा। श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। रोडवेज बसों में सामान्य तौर पर चालक-परिचालक बिना यूनिफार्म के देखने को मिल जाएंगे।

**भगवा रंग**

▶▶ शासन के आदेश पर बसों को भगवा रंग से रंगने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## कुंडल लूट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**गाजियाबाद :** महिलाओं से कुंडल लूट की घटना को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड रजा मौ. उर्फ रजुआ को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की,।

## पिता की हुई हार्ट अटैक से मौत, खबर सुन दौड़ी आई बेटी; शव देख कुछ देर बाद रूक गई पूजा की भी धड़कन

**टीम एक्शन इंडिया**
**जेवर :** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित दयानतपुर गांव में निर्माण कार्य कर रहे व्यक्ति की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। पिता की मौत की सूचना सुन गांव पहुंची बेटी भी पिता की मौत का गम सहन नहीं कर पाई और उसकी हालत बिगड़ गई। बेटी को परिजनों ने जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के शव को उसके ससुराली मथुरा ले गए। जहां उसका आंतिम संस्कार किया गया। जबकि पिता का जेवर के दयानतपुर गांव में अंतिम संस्कार किया गया। पिता के गम में बेटी की मौत की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही हैं। दयानतपुर निवासी बाबूलाल राज मिस्त्री का काम करते थे। मंगलवार को बाबूलाल गांव में ही मकान पर चिनाई का काम कर रहे थे। अचानक बाबूलाल 50 वर्ष की तबियत बिगड़ गई। मकान मालिक ने परिजनों को सूचना देते हुए जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया।

पिता की मौत की सूचना मिलते ही मथुरा के सुरीर से बाबूलाल की बेटी पूजा 27 वर्ष गांव पहुंच गई। लेकिन पिता की मौत का गम बेटी पूजा सहन नहीं कर पाई और पिता के शव को देखते ही उसकी हालत बिगड़ना शुरू हो गई।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आनंद छत्री पुत्रः** उतम छत्री **पताः** आरजेडएच–422, गली नंबर 4, राज नगर, भाग–2, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली **FIR No. 165/07 U/s 411 IPC, CC No. 6766/23, थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आनंद छत्री** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आनंद छत्री** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 165/07 U/s 411 IPC, CC No. 6766/23, थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आनंद छत्री** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव कुमार
जेएमएफसी–05, कमरा न. 13, प्रथम तल, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/16250/SW/2024 (Court Matter)**

### आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोपाल पुत्र गिरवार सिंह निवासी आई-565 मंगोलपुरी, दिल्ली** ने एक केस एफआईआर सं. 1000/2021, **दिनांक 09.08.2021 अन्तर्गत धारा 12/9/55 दिल्ली पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोपाल** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोपाल** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर सं. **1000/2021, दिनांक** 09.08.2021 **अन्तर्गत धारा 12/9/55 दिल्ली पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गोपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री ऋषभ कपूर**
महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर-पश्चिम)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/16387/OD/2024 (Court Matter)**

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. **2022/टीसी(एफएम)/10/04** दिनांक **13.06.2022**, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि एवं समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 16.12.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (**सोमवार और मंगलवार के लिए**), 12418 (F1), 13430 (F1 & F2), 14010 (F1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 20502 (F1), 22168 (R1), 22406 (F1), 22421 (F2 & R1) |
| 2. | 17.12.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12284 (F1), 12428 (F1) (**सोमवार**), 12455 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 3. | 20.12.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12015 (F1), 12050 (F1), 12432 (F1), 12459 (F1), 14087 (F1, F2 & R1), 14089 (F1, F2 & R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1 & R1), 22472 (F1, F2 & R1) |
| 4. | 24.12.2024 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2 & R1) 14681 (F1), 15530 (F1), 20473 (F1 & R1), 22168 (F1 & F2), 22401 (F1) |
| 5. | 26.12.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1 & F2), 12457 (F1, F2 & R1), 12497 (F1), 12918 (F1), 14012 (F1), 14041 (R1) (**सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए**), 14041 (R1) (**रविवार**), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 6. | 27.12.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाड़ी में**– 12226/12225, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 20408/20407, 22420/22419, 22428/ 22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417 |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section)** पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है। **3829/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**

**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।












# केजरीवाल ने गृह मंत्री शाह को लिखी चिट्ठी

## अरविंद केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए अमित शाह से मिलने का समय मांगा है



**उठाए सवाल**

**ड्रग्स माफिया पूरी दिल्ली में अपने पैर पसार चुके हैं। मोबाइल और चैन स्नैचिंग से पूरी दिल्ली परेशान है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए अमित शाह से मिलने का समय मांगा है। चिट्ठी में केजरीवाल ने दिल्ली की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। अरविंद केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन है। दिल्ली को अब अपराध की राजधानी के नाम से जाना जा रहा है। भारत के 19 मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध में नंबर वन पर, साथ ही हत्या के मामलों में दिल्ली नंबर वन पर है। केजरीवाल ने लिखा कि दिल्ली में जबरन वसूली वाले गैंग सक्रिय हुए। एयरपोर्ट और स्कूल को धमकी मिल रहीं हैं। ड्रग्स से जुड़े अपराधों में 350% की बढ़ोतरी हुई है। मैं पूरी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं। दिल्ली अब देश-विदेश में अपराध की राजधानी के रूप में पहचानी जा रही है।

**'दिल्ली को अब अपराध की राजधानी के नाम से जाना जा रहा'**

अरविंद केजरीवाल ने पत्र में लिखा, 'मैं आपको यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं क्योंकि देश के गृह मंत्री होने के नाते दिल्ली की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी आपकी है। लेकिन यह बताते हुए बहुत दुख होता है कि दिल्ली अब देश और विदेश में अपराध की राजधानी के रूप में पहचानी जा रही है। दिल्ली में जहां महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं जबरन वसूली करने वाले गिरोह और गैंगस्टर्स हर गली में सक्रिय हो चुके हैं। ड्रग्स माफिया पूरी दिल्ली में अपने पैर पसार चुके हैं। मोबाइल और चैन स्नैचिंग से पूरी दिल्ली परेशान है। आज अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिल्ली की सड़कों पर दिनदहाड़े गोलीबारी, हत्या, अपहरण और चाकूबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। केजरीवाल

उन्होंने आगे लिखा, 'पिछले 6 महीनों में दिल्ली के 300 से ज्यादा स्कूलों-कॉलजों, 100 से ज्यादा अस्पतालों, एयरपोर्ट और मॉल पर लगातार बम धमाकों की धमकियां दी जा रही हैं।

# दिव्यांग आशिक को डूबोकर मार डाला

**प्रेम प्रसंग**

**नग्न अवस्था में युवक का शव मकान परिसर में ही बने पानी के कुंड से मिला है, प्रेम संबंध का मामला**



**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** हरियाणा के नूंह में एक 30 वर्षीय दिव्यांग युवक की पानी के कुंड में डुबोकर हत्या करने का मामला सामने आया है। जिसका आरोप एक महिला और उसके अन्य साथियों पर लगा है। नग्न अवस्था में युवक का शव मकान परिसर में ही बने पानी के कुंड से मिला है। मृतक के आरोपी महिला के साथ प्रेम संबंध बताया गया है। दोनों करीब साढ़े चार साल से नूंह नहर कॉलोनी में स्थित एक मकान में साथ रहे थे। पुलिस ने आरोपी महिला व अन्य के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंचनेर थाना जुरहरा जिला डीग राजस्थान के रहने वाले उम्मर के मुताबिक बेटा अशफाक एक पैर दिव्यांग था। जो करीब साढे चार साल से फरजाना नाम की एक महिला के साथ रिलेशनशिप में था। दोंनो पल्ला कॉलोनी में एक मकान में साथ रहे थे। बेटे की मृत्यु की सूचना मिली। जिसके बाद परिवार सदस्यों के साथ नूंह पहुंचे। जहां पर पता चला कि मकान परिसर में बने पानी के कुंड में बेटे की डुबोकर हत्या की गई है।

# अवैध घुसपैठ में बांग्लादेशी नागरिक अव्वल, एयरपोर्ट पुलिस ने पकड़े 19 विदेशी

**सख्ती**

**सबसे ज्यादा बांग्लादेशी नागरिक हैं जो भारत आने के बाद फर्जी तरीके से भारतीय दस्तावेज हासिल कर रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पड़ोसी देशों के नागरिक भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा बांग्लादेशी नागरिक हैं जो भारत आने के बाद फर्जी तरीके से भारतीय दस्तावेज हासिल कर रहे हैं। इन दस्तावेजों से वह एजेंटों की मदद से भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लेते हैं और फिर खुद को भारतीय नागरिक बताकर विदेश तक पहुंच रहे हैं। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने 2024 में करीब 12 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो भारतीय पासपोर्ट के जरिए विदेश जाने की कोशिश कर रहे थे या फिर विदेश से वापस भारत पहुंचे थे। पुलिस अधिकारी का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिक अपने देश और अपनी पहचान छिपाकर भारत के सीमा में प्रवेश करते हैं। फिर वह यहां एजेंटों की मदद से फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनवाते हैं। आधार कार्ड के जरिए खुद को भारतीय बताकर अवैध रूप से रहते हैं। फर्जी पहचान से भारतीय पासपोर्ट बनवाकर विदेश में भी ठिकाना बना रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामलों की जांच में पता चला है कि बांग्लादेश में कई ऐसे एजेंट हैं जो अपने देश में बैठकर भारत के अपने साथियों की मदद से फर्जी दस्तावेज बना रहे हैं। आईजीआई पुलिस उपायुक्त ऊषा रंगनानी ने बताया कि एयरपोर्ट पुलिस ने इस साल ही कई बांग्लादेशी नेटवर्क का पदार्फाश किया है।

उन्होंने बताया कि इस साल नवंबर तक आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ 19 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। जिसमें 12 बांग्लादेश, 3 म्यांमार, 3 नेपाल और एक अफगानिस्तान के नागरिक हैं। इसके अलावा पुलिस ने 23 एजेंटों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक बांग्लादेशी और म्यांमार का नागरिक शामिल है।

# दिल के मरीजों पर भारी पड़ रही है ठंड, हार्ट अटैक का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आरएमएल** अस्पताल के मेडिसिन विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर आदिल आमीन को दो दिन पहले दिल के दौरे के लक्षण दिखे थे। गैस्टिक समस्या समझ उन्होंने मामूली दवाएं ले लीं। इसकी जांच नहीं करवाई। इस तरह की अनदेखी आदिल पर भारी पड़ गई और बुधवार रात ड्यूटी करते वक्त अचानक दिल का दौड़ा पड़ा। बेहोशी की हालत में उनको कैथ लैब ले जाया गया, लेकिन तब-तक देर हो गई थी। इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी तरह यूपी के अलीगढ़ में आठ साल की एक बच्ची ने खेलते-खेलते दम तोड़ दिया। बच्ची की मौत की वजह भी हार्ट अटैक ही बताई जा रही है।

यह मामले अपवाद में नहीं हैं। ठंड बढ़ने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर में हार्ट अटैक के मामले बढ़ गए हैं। इस दौरान डॉक्टरों ने दिल के मरीजों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही सामान्य लोगों को लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करवाने को कहा है।




# बदमाश सोनू मटका एनकाउंटर में ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने दिल्ली में दोहरे हत्याकांड का वांछित और 50,000 के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। अनिल उर्फ सोनू मटका ने कुछ दिन पहले एक कारोबारी को सरेआम मार डाला था। शनिवार की सुबह यूपी स्पेशल टास्क फोर्स और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के साथ संयुक्त ऑपरेशन में दिल्ली में दोहरे हत्याकांड का वांछित और 50,000 रुपये का इनामी बदमाश सोनू मटका मेरठ जिले के टीपी नगर थाने में मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, वह हाशिम बाबा गैंग का कुख्यात शूटर था। उसके खिलाफ यूपी और दिल्ली में लूट और हत्या के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

# सीलमपुर में कांग्रेस और आप का रहा है बोलबाला, भाजपा को पहली जीत का इंतजार

**दबदबा**

**दिल्ली विधान सभा के गठन के बाद 1993 से 2013 तक चौधरी मतीन अहमद का दबदबा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सीलमपुर विधानसभा सीट पर भाजपा को खाता खोलने का इंतजार है। 1993 के बाद से हुए किसी भी चुनाव में भाजपा को इस सीट पर जीत नहीं मिली है। 1993 से लेकर 2014 तक चौधरी मतीन अहमद ने इस सीट से प्रतिनिधित्व किया। इसमें तीन बार वह कांग्रेस के टिकट पर जीते। 2015 व 2020 में इस सीट पर आम आम आदमी पार्टी का कब्जा रहा है। इस बार का मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। इस सीट से कांग्रेस और आप के चेहरों ने अपना पाला बदल लिया है। मौजूदा विधायक अब्दुल रहमान ने टिकट न मिलने से आप से नाता तोड़ लिया। कांग्रेस ने उनको पहली लिस्ट में ही अपना प्रत्याशी बना दिया है। इससे पहले इस सीट पर कांग्रेस से पांच बार के विधायक रहे मतीन अहमद ने बीते दिनों आप में शामिल हो गए। आप ने उनके पुत्र जुबैर को इस सीट से उतारा है। साफ है कि मतदाताओं के सामने चेहरे वही होंगे, लेकिन उनकी पार्टियां अलग होंगी। वहीं, भाजपा भी इस सीट पर पहली जीत सुनिश्चित करने के लिए दावेदारी पेश करेगी। इस लिहाज से सीलमपुर विधानसभा सीट इस बार भी हॉट सीट मानी जा रही है। उधर, सियासी प्रोफाइल भी इस सीट का दिलचस्प है। दिल्ली विधान सभा के गठन के बाद 1993 से 2013 तक चौधरी मतीन अहमद का दबदबा रहा। चौधरी मतीन अहमद लगातार पांच बार विधायक चुने गए। पहली बार जनता दल से, एक बार निर्दलीय और तीन बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। 2015 में पहली बार यहां सत्ता बदली और आप के हाजी इशराक खान विधायक बने।



# प्रदेश सरकार ने किसान हित में किए अनेक कार्य: सीएम

## मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन, प्रदेश सरकार द्वारा भगवान परशुराम की जयंती को सरकारी स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा- मुख्यमंत्री, 36 बिरादरी ने भाजपा सरकार की विकास की नीतियों पर मुहर लगाकर हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां उनके निवास संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भगवान परशुराम की जयंती को सरकारी स्तर पर बड़े भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इसके अलावा, ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की मांग पर आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को बुलाकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने समाज की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की 36 बिरादरी ने भाजपा सरकार की विकास की नीतियों पर मुहर लगाकर हरियाणा के इतिहास में पहली बार भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। लोगों के विश्वास से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार पर जो विश्वास दिखाया है, उस विश्वास पर हम खरा उतरेंगे और हरियाणा को तीव्र गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ाएंगे।

**जनता ने विपक्ष को लगातार**







### सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता: सैनी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकार की योजनाओं के लाभ पात्र लाभार्थियों को बिना देरी से पहुंचाने का काम किया जाए। यदि किसी नागरिक से शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकासात्मक कार्यों के साथ-साथ नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए नई-नई कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाएंगी ताकि हरियाणा को विकास के मामले में आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में गरीब के हित के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, उसी का परिणाम है कि लोगों ने उन नीतियों पर विश्वास जताकर हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का लक्ष्य है। पिछले 10 सालों में 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 7 जिलों में कॉलेज स्थापित करने का काम जारी है। इसके अलावा, हर 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया गया है, ताकि लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि गत दिनों प्रधानमंत्री ने बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस की आधारशिला रखी है। इसके माध्यम से किसानों को बागवानी के प्रति और सशक्त बनाया जाएगा, ताकि किसान अधिक आय अर्जित कर सकें।नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसान हित में अनेक कार्य किए हैं। इस साल बरसात न होने के कारण किसानों पर पड़े आर्थिक बोझ को कम करने के लिए सरकार ने 2000 रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस दिया है। अब तक दो किस्तों में 800 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है।

**तीसरी बार आइना दिखाया**
नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव परिणाम से पहले ही विपक्ष के नेताओं ने सरकार बना ली थी और परिणाम आने के बाद वे ईवीएम पर दोष मढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता यात्राएं निकालकर भाजपा सरकार के 10 सालों का हिसाब मांग रहे थे। लेकिन जब उनसे उनके कार्यकाल का हिसाब मांगा गया तो कोई जवाब नहीं दिया। कांग्रेस कार्यकाल के समय में एक भी सरकारी भर्ती ऐसी नहीं हुई, जो कोर्ट तक न पहुंची हो। जबकि भाजपा सरकार में गरीब घरों के बच्चे भी बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरी हासिल कर रहे हैं।उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों के नेता कभी एक दूसरे को गलत बताते थे, लेकिन जब उन्होंने देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी मजबूती से लोगों की सेवा का कार्य कर रहे हैं, तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता गले मिल गए। इसके बाद विपक्ष के लोग ईवीएम को हैक करने की बातें करते हैं। जबकि उन्हें यह नहीं पता कि जनता सब समझती है।

### सीएम की सोच 36 बिरादरी को साथ लेकर विकास की राह पर आगे बढ़ने की : बडौली

**भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि नये भारत के निमार्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की जिम्मेदारी नायब सिंह सैनी को सौंपकर जन-जन में विश्वास जगाने का काम किया है और उसी का परिणाम है कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच 36 बिरादरी को साथ लेकर विकास की राह पर आगे बढ़ने की है और लोगों के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा विकास के मामले में नये आयाम स्थापित करेगा।

**2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हरियाणा देगा अपना महत्वपूर्ण योगदान-राज्य मंत्री गौरव गौतम**
इस मौके पर राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर दोगुनी गति से आगे बढ़ेगा और हमारा हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर व्यक्ति की बात सुनते हैं और उसका समाधान सुनिश्चित करवाते हैं।

# विधायक कादियान के कारोबारी भागीदार से मांगे दस करोड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान के व्यापार में भागीदार पंचकूला के निवासी से 10 करोड़ की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। इस कारोबारी को धमकाया गया कि हमारे पास तुम्हारी आपत्तिजनक चीज है दस करोड़ रूपए दो वरना इसे वायरल कर देंगे।पुलिस ने मामले में भाई बहिन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

देवेंद्र कादियान सोनीपत की गन्नौर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक है। देवेंद्र कादियान का कारोबारी भागीदार कृष्ण कुमार को व्हाट्स एप पर वन टाइम मैसेज भेजकर 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। मैसेज में परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसे मुलाकात के लिए पंजाब के कोटकपूरा बुलाया गया। वहां उसे कोई नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में भाई-बहन समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई युवती तलाकशुदा है

**काबू किया**

**इस कारोबारी को धमकाया गया कि हमारे पास तुम्हारी आपत्तिजनक चीज है**

और सोनीपत में घरों में काम करती है। निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान। कादियान मन्नत होटल्स ग्रुप के चेयरमैन हैं। 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने टिकट न मिलने पर भाजपा छोड़ दी थी। वह निर्दलीय चुनाव जीत गए और इसके बाद भाजपा सरकार को समर्थन कर दिया। कृष्ण कुमार के अनुसार उसको पिछले सप्ताह वॉट्सऐप पर वन टाइम मैसेज भेजकर 10 करोड रुपए की रंगदारी मांगी गई।पैसे न देने की सूरत में उसके और उसके परिवार को जान माल का नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। इसके बाद उसे वॉट्सऐप पर लगातार वन टाइम मैसेज आते रहे।

# 22 जिलों और 34 उप-मंडलों में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सभी 22 जिलों और 34 उप-मंडलों में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए) के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें वाद पूर्व प्रकरण और लंबित दोनों न्यायिक मामलों के लिए 165 बेंचों का गठन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान एवं नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के दृष्टिकोण से हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) ने मुख्य संरक्षक शील नागु, मुख्य न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के नेतृत्व और कार्यकारी अध्यक्ष अरुण पल्ली, न्यायाधीश,

**बेंचों का गठन**

**वाद पूर्व प्रकरण और लंबित दोनों न्यायिक मामलों के लिए 165 बेंचों का गठन किया गया**

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन और सम्मिलित प्रयासों के तहत किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करने का उद्देश्य वादकारियों को अपने विवादों को बिना किसी देरी के सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक मंच प्रदान करना है, जबकि लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है और लोक अदालत में समझौता होने पर न्याय शुल्क वापस करने का प्रावधान है। विभिन्न श्रेणियों जैसे व्यवहारिक, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना दावे, बैंक उगाही, चेक बाउंस, वाहन चालान, समझौता योग्य आपराधिक मामलों आदि सहित विभिन्न श्रेणियों के मामलों की श्रृंखला, जिनमें वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्रों में कार्यरत स्थायी लोक अदालतों (सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं) के मामले भी शामिल हैं, जिनकी संख्या 4,25,000 से अधिक है, को आपसी सहमति से निपटाने के लिए लोक अदालत पीठों को भेजा गया। सूर्य प्रताप सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-एवं-सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि आज की राष्ट्रीय लोक अदालत, जिसमें पूर्व लोक अदालत बैठकें भी शामिल थीं।

# बिजली के चाक पर बने मिट्टी के बर्तनों से सजा तट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** महोत्स्व में आने वाले शिल्पकार अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करके महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए स्वरोजगार प्रेरक बन रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर अपने मिट्टी के बर्तनों को बेच ही नही रहे हैं बल्कि दूसरों को मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाकर इस कला में पारखी बना रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए इन शिल्पकारों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी काम है। उनके परिवार के अन्य सदस्य भी यही काम करते आए हैं, लेकिन उन्होंने आधुनिकीकरण के इस जमाने में और प्रतियोगिताओं के दौर में अपने बर्तनों को नया रूप देते हुए इन्हें आज के बाजार में उतारा है। यही नहीं इस कला में वह दूसरों को भी अवगत करा रहे हैं और कोई भी इनके पास मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीख सकता है।

यह शिल्पकार विगत कई साल से ब्रह्मसरोवर के तट पर अपने बर्तनों की प्रदर्शनी लगाकर इन्हें सेल भी कर रहे हैं। वह अपने पास मिट्टी की तस्वीरों के साथ-साथ मिट्टी के मुखौटे, तुलसी गमले, रिंग बेल फ्लावर पॉट, वॉटर बॉल इत्यादि रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मिट्टी के बर्तन सीधे चाक पर बनाए जाते थे लेकिन आधुनिक जमाने में अपने आप को स्थापित करना बड़ी चुनौती है इसलिए वह इन्हें नए-नए आकार देकर और इन पर पॉलिश मिट्टी की पॉलिश करके इन्हें साफ सुथरा बनाते हैं ताकि यह और अधिक आकर्षक बन सके।

# कृषि मंत्री राणा ने रादौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। भाजपा ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चलते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

कृषि मंत्री ने आज रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव कांजनू, धौड़ग, बागवाली, नाहरपुर, हरियाबांस, टोडरपुर व सुखपुरा का धन्यवादी दौरा कर जनता का



आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने धौड़ग गांव में भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों की मांगे सुनी और जल्द ही उन सभी जायज मांगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पूरा करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया। श्याम सिंह राणा ने कहा कि जो विकास कार्य रह गए हैं या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर क्षेत्र के लिए और हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जा रही हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं ने ऑनलाईन प्रणाली से देखा गीता महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार देश के पांच प्रमुख स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण करने के प्रबंध किए गए। इन सभी तीर्थ स्थलों पर महोत्सव के 5 दिसम्बर से 11 दिसंबर के कार्यक्रमों को ऑनलाइन प्रणाली से दिखाया गया। इसके लिए सूचना जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग ने महोत्सव को तीर्थ स्थलों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का जिम्मा लिया। यह प्रयास सफल रहें और तीर्थ स्थलों पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इन प्रयासों की प्रशंसा की हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने देश ही नहीं पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं। इस महोत्सव के साथ हर श्रद्धालु जुड़ने के लिए उत्सुक रहता हैं। इस महोत्सव को देखने के लिए लाखों श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से कुरुक्षेत्र की धरा पर पहुंचते है और करोड़ों श्रद्धालु ऑनलाईन प्रणाली जिसमें वेबसाइट, ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक इत्यादि शामिल हैं, से जुड़े हुए हैं। इतना ही नहीं इस वर्ष सूचना जनसम्पर्क विभाग की तरफ से एक नई पहल करते हुए पांच प्रचार रथों को प्रथम को जगन्नाथ मंदिर ओडिशा, बांके बिहारी वृंदावन उत्तर प्रदेश, कृष्ण जन्मभूमि टेम्पल मथुरा, द्वारकाधीश टेम्पल गुजरात,टिकाना मंदिर गोविन्द देव जी जयपुर राजस्थान तीर्थ स्थलों पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इन प्रचार रथों पर बड़ी एलईडी के साथ-साथ इंटरनेट आदि की व्यवस्था की गई थी। इन

**तीर्थ स्थल**

**तीर्थ स्थलों पर पहुंचा प्रचार रथ, प्रत्येक जगह जन सम्पर्क विभाग के अधिकारी के नेतृत्व में गठित की टीम**

सभी एलईडी पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के वैश्विक गीता पाठ रोजाना, ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग कुरुक्षेत्र की महाआरती, मुख्य मंच के सांस्कृतिक कार्यक्रम, ओडिशा पवेलियन, हरियाणा पवेलियन के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गीता सेमिनार, 48 कोस तीर्थ सम्मेलन, अखिल भारतीय देव स्थानम सम्मेलन, दीपदान, दीपोत्सव आदि को दिखाया गया। इन कार्यक्रमों को तीर्थ स्थलों पर दिखाने के लिए ऑनलाईन लाईव ड्रूषलक तैयार किया गया। इस लिंक के माध्यम से सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के श्रद्धालुओं के महोत्सव के कार्यक्रमों का आनंद लिया। सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार देश के प्रमुख पांच तीर्थ स्थलों पर पांच आईपीआरओ की ड्यूटी लगाई गई। इन सभी तीर्थों पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तमाम कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया । इन आदेशों के अनुसार नूह के एआईपीआरओ अशोक राठी की जगन्नाथ टेम्पल ओडिशा, आईपीआरओ कुलदीप बांगड की महाकालेश्वर टेम्पल उज्जैन मध्य प्रदेश व आईपीआरओ कृष्ण कुमार की टिकाना मन्दिर गोविन्द देव जी जयपुर राजस्थान में ड्यूटी लगाई गई।

# सरकार सड़क हादसों में घायलों का मुफ्त इलाज मुहैया कराएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में हरियाणा पुलिस द्वारा एक नई पहल शुरू की गई है जिसके तहत अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरूआती गोल्डन आवर में निःशुल्क ईलाज करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक सड़क दुर्घटना के लिए प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क किया जाता है। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरदीप दून द्वारा प्रदेश के सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखते हुए इसकी पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर




ने बताया कि प्रदेश की सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है ऐसे में जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक बेहतर और प्रभावी कार्य योजना तैयार करते हुए उन पर काम किया जाए। इसी कड़ी में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निःशुल्क उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि यह पायलट प्रौजेक्ट नेशनल हैल्थ अथोरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस व राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्तपतालों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 162 के तहत अधिकतम 7

**प्राथमिकता**

**प्रदेश की सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है**

दिनों तक 1.5 लाख रुपये की सीमा तक निःशुल्क ईलाज किया जाएगा।

**कैशलैस सुविधा लेने की प्रक्रिया-** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया जाता है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने यहां साफटवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने में भेजा जाता है जिसके बाद संबंधित पुलिस थाने द्वारा 6 घंटे के भीतर पुष्टि की जाती है।

# स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रदान किए जा रहे हैं औजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर्व पर खादी ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म लघु, और मध्यम उद्यम भारत सरकार के अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग अंबाला द्वारा आयोजित पुरुषोत्तमपुरा बाग के नजदीक हरियाणा पैवेलियन में 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक पांच दिवसीय प्रदर्शनी में मिट्टी से बने बर्तन एवं हस्तनिर्मित हर्बल प्रोडक्ट की पर्यटकों को उनसे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है, वहीं पर्यटक भी इस प्रदर्शनी में काफी दिलचस्पी दिखाकर इन प्रोजेक्टों की जानकारी लेकर उन्हें खरीद रहे है। खादी ग्रामोद्योग विभाग अम्बाला के सहायक निदेशक राकेश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य खादी ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत कुम्हार सशक्तिकरण प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और खादी निर्माण से जुड़ी संस्थाओं और इनसे जुड़े कारीगरों और लाभार्थियों को विपणन मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस प्रदर्शनी में हरियाणा के विभिन्न जिलों से कारीगरों द्वारा स्वयं तैयार किए गए मिट्टी के बर्तन एवं हर्बल प्रोडेक्ट को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी स्थल में 20 स्टॉल लगाए गए है। विभाग के जगत सिंह हुड्डा ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग द्वारा इन कारीगरों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ मशीनी औजार भी उपलब्ध करवाए जाते हैं।

## 'सरकार किसानों के शांतिपूर्वक आंदोलन को कुचलने पर आमादा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी जैसी मुख्य मांगों को लेकर 101 आंदोलनरत किसानों द्वारा शंभू बॉर्डर से पैदल दिल्ली जाने पर हरियाणा पुलिस द्वारा वॉटर कैनन का इस्तेमाल करने और आंसू गैस के गोले दागने को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और किसान विरोधी कदम बताते हुए इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह निहत्थे किसानों पर बर्बरता की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के शांतिपूर्वक आंदोलन को गोलियों व लाठियों से कुचलने पर आमादा है।

# संविधान हर नागरिक को न्याय देता है: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** लोकसभा में शनिवार को लगातार दूसरे दिन संविधान पर चर्चा जारी रही। अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने संविधान पर चर्चा करते हुए भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये सरकार संविधान को ध्वस्त करना चाहती है पर सरकार भूल रही है कि यहीं संविधान हर नागरिक को न्याय, देता है, मार्गदर्शन करता है, उसकी उम्मीद, अभिव्यक्ति और आकांक्षा है। संविधान देश का सबसे बड़ा ग्रंथ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के संविधान निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान रहा, सरदार बल्लभ भाई पटेल और 300 से अधिक लोगों का



योगदान रहा। संविधान हर नागरिक को न्याय, देता है, मार्गदर्शन करता है, उसकी उम्मीद, अभिव्यक्ति और आकांक्षा है। संविधान देश का सबसे बड़ा ग्रंथ है। संविधान देश में समानता का भाव पैदा करता है, डा. भीमराव अंबेडकर ने देश को जो संविधान दिया है वह कोई पेपर नहीं बल्कि एक दस्तावेज है, संविधान लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि देश में हर धर्म और हर जाति के लोग रहते है हर धर्म का अपना अपना ग्रंथ है और वे उसी को मानते है, देश का भी एक ग्रंथ है जो सबसे बड़ा ग्रंथ है वह संविधान है। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगा मानते है,

**ग्रंथ**

**सरकार भूल रही है कि यहीं संविधान हर नागरिक को न्याय, देता है, मार्गदर्शन करता है: सैलजा**

ज्यादातियां भी ये भी मानते है, इसके कारण 1977 में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा पर 1980 में इंदिरा गांधी की फिर से सरकार बनी।

आज भाजपा समानता की बात को भूल रही है, किसी का नाम तक नहीं लेते, गालियां देने में लगी रहती है। संविधान की बात तो करते है पर एकता पर कोई नहीं बोलता, वसुदेव कुटूंबकम की बात करते है पर मानते नहीं है, आज दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों पर हत्याचार हो रहे है पर कोई नहीं बोल रहा और जो बोलना चाहता है उसे बोलने नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज दलित की बात करते है, समानता की बात करते है पर उन्हें नौकरी तक नहीं दी जा रही है, नौकरी खत्म कर प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना कराना तो दूर सरकार अभी तक जनगणना तक नहीं करवा पाई है, कांग्रेस अडिग है कि सरकार आने पर हम जाति जनगणना कराएंगे ताकि जातियों की संख्या के बारे में सही पता चल सके ताकि लोगों को उनके अधिकार मिल सके।

## न्यूज फ्लैश

### दुकानों का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य



पानीपत/( कमाल हुसैन )
सभी संस्थाओं व वाणिज्यिक संस्थानों के लिए शॉप एक्ट के तहत अपनी दुकानों का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इसी को लेकर श्रम विभाग के निरीक्षकों की एक बैठक स्थानीय पचरंगा बाजार में कंबल एसोसिएशन के प्रधान रमेश बंसल के साथ हुई जिसमें उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की की सभी दुकान अपना रजिस्ट्रेशन शॉप एक्ट के तहत करवाएं। लेबर इंस्पेक्टर सोनू ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करवाते वक्त अपने संस्थान या दुकान में काम कर रहे व्यक्तियों का भी डाटा अपलोड करवाएं ताकि श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों के लिए श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं ताकि उनका आर्थिक जीवन स्तर बेहतर हो सके और वह उन योजनाओं का लाभ पा सकें।

कंबल एसोसिएशन के प्रधान रमेश बंसल ने निरीक्षक सोनू सिंधु ,बलजीत मलिक और नवीन कुमार को आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही शॉप एक्ट के तहत दुकानों के रजिस्ट्रेशन को लेकर संगठन के साथ बैठक कर उन्हें इसके बारे में अवगत कराएंगे। ज्यादा से ज्यादा ताकि शॉप एक्ट के तहत संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन ज्यादा से ज्यादा करवाया जा सके।

### सरकारी नौकरी के नाम पर 21 लाख की ठगी, जान से मारने की धमकी

**गन्नौर** । पुगथला गांव के एक युवक से दो लोगों ने एफसीआई व रेलवे नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए। रुपये वापिस मांगने पर दोनों आरोपितों द्वारा युवक को जान से मारने की धमकी दी गई। युवक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव पुगथला निवासी योगेंद्र ने बताया कि जनवरी 2021 में पानीपत निवासी नारायण ने उनसे एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 7 लाख लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगी। बाद में उसने राजेश कौशिक नाम के व्यक्ति से मिलवाया। जिसने रेलवे में नौकरी के लिए 20 लाख मांगे। योगेंद्र ने पहले राजेश कौशिक को दो बार में 7 लाख नकद दिए और फिर 7 लाख बैंक ट्रांसफर के माध्यम से राजेश को दे दिए। आरोप है कि राजेश ने योगेंद्र को फर्जी मेडिकल ईमेल, जाइनिंग लेटर, और आईडी कार्ड दिए। इन दस्तावेजों के आधार पर उसे दिल्ली और करनाल रेलवे स्टेशनों पर ड्यूटी करने के लिए भेजा। बाद में जब करनाल रेलवे स्टेशन पर अपनी जाइनिंग के लिए रेलवे अधिकारियों के पास पहुंचे, तो अधिकारियों ने सभी दस्तावेजों को फर्जी बताया। इस पर जब योगेंद्र ने आरोपितों से संपर्क किया, तो उन्होंने पैसे लौटाने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी दी। योगेंद्र ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत पर नारायण व राजेश कौशिक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रावमा विद्यालय बड़ी में स्कूल शिक्षिका के साथ सहकर्मी शिक्षिका ने की मारपीट

गन्नौर । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़ी में कार्यरत संस्कृत की शिक्षिका गीता शर्मा ने अपनी सहकर्मी शिक्षिका पर गाली-गलौज, मारपीट, और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। गीता शर्मा के अनुसार शुक्रवार को वह स्कूल में ड्यूटी पर आई। सुबह करीब साढ़े दस बजे स्कूल की हिंदी की शिक्षिका कांता उनके पास आईं और उन्हें गालियां देते हुए छात्रों और अभिभावकों की वीडियो बनाने लगी। जब उन्होंने शिक्षिका कांता का विरोध किया, तो कांता ने उन्हें धमकियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिस पर गीता ने शोर मचाया तो अन्य शिक्षकों ने मौके पर आकर उन्हें छुड़ाया। गीता का आरोप है कि कांता ने धमकी दी कि स्कूल से बाहर निकलने पर उन्हें कार से कुचल कर जान से मार देगी। जिसके बाद घटना की सूचना 1091 पर भी पुलिस को दी गई। अब उन्होंने गन्नौर के सामुदायिक अस्पताल में मेडिकल करवा कर शिक्षिका गीता शर्मा के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# असन्ध हलके का चहुंमुखी विकास करवाना मेरा प्राथमिक ध्येय : योगेंद्र

## 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने अपने धन्यवादी दौरे के दौरान गांव अलावला, जलमाना, राहड़ा, बिलोना, बस्सी और बाहरी का दौरा किया और विधानसभा चुनाव की ऐतिहासिक जीत के बाद आज अपने विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों का विधानसभा चुनाव के दौरान अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए आभार प्रकट किया और लोगों के बीच पहुंचकर ग्रामवासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया।



विधायक योगेंद्र राणा ने सभी क्षेत्रवासियों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया।
विधायक योगेंद्र राणा ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि यह जीत मेरी न होकर आप सभी की जीत है आप सबके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है।
विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भली-भांति परिचित हूं जिनका डबल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी और असंध के विकास में कोई कमी नहीं रहने देगी।

विधायक योगेंद्र राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 26 दिसंबर को नई अनाज मंडी असंध में आयेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने वहां उपस्थित समस्त जनशक्ति से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर असंध विधानसभा क्षेत्र के लंबित विकास कार्यों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और असंध का विकास निरंतर करवाएंगे। उन्होंने आह्वान किया कि इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत करें। जितनी ज्यादा संख्या रैली में पहुंचेगी उतने ही विश्वास के साथ असंध क्षेत्र के लोगों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

**प्रतिबद्धता**
**ऐतिहासिक जीत के बाद आज अपने विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर आभार जताया**

## कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, हालत गंभीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल-यमुनानगर हाईवे पर बीती देर शाम को एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इससे बुजुर्ग साइकिल सहित करीब 50 फुट दूर जा गिरा। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल को इंद्री के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं घटना के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि कार ड्राइवर की जान भी एयर बैग खुलने के कारण बची है। वह भी घायल हुआ होगा। पुलिस जांच अधिकारी खुशी राम ने बताया कि घायल बुजुर्ग की पहचान गांव दरड के रहने वाले जिला राम के रूप में हुई है। वह एक फैक्ट्री में काम करते हैं। जिला राम बीती देर शाम को काम से घर की तरफ लौट रहे थे। जब हाईवे पर वह दरड गांव के पास सडक क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस का कहना है कि टक्कर काफी जोरदार थी, इसलिए जिला राम करीब 50 फुट दूर जाकर गिरे। इससे उनकी साइकिल टूट गई। वहीं कार भी एक खंभे और कंक्रीट सीटिंग चेयर से जा टकराई। इससे चेयर टूट गई।

## बेटी के जन्म पर कुआं पूजन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव पाली में सोमवीर के घर कन्या जन्म होने पर कुआं पूजन करके लड़का-लड़की एक समान होने का संदेश दिया गया। नवजात कन्या के दादा लीलूराम ने बताया कि लड़का लड़की में भेदभाव नहीं करते हुए गांव में धूम धाम के साथ पूजन किया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को सार्थक किया। गांव सरपंच देशराज फौजी ने कहा कि हमारे गांव में इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए है। हमारे परिवार में लड़का लड़की में कोई भेदभाव नहीं है। इस अवसर पर सोनू प्रधान, राजकुमार व पूर्व विधायक के बड़े भाई रामकुमार ने नवजात कन्या को अपना आशीर्वाद दिया।

## एसटीएफ ने चार वांटेड बदमाशों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल में स्पेशल टास्क फोर्स ने चार कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से 6 अवैध पिस्तौल, 8 मैगजीन और 25 जिंदा कारतूस बरामद हुए है। चारों बदमाश किसी मर्डर की वारदात को अंजाम देने के लिए करनाल में आए थे, जिनको 13 दिसंबर की रात को एसटीएफ ने करनाल के चिड़ाव मोड से काबू किया। एसटीएफ सभी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। रिमांड के दौरान बदमाशों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और ये किसका मर्डर करने के लिए करनाल पहुंचे थे और किस गैंग से संबंधित है उसका भी खुलासा किया जाएगा।



एसटीएफ इंचार्ज दीपेंद्र राणा ने बताया कि जींद और सोनीपत में 307 और एक्सटेंशन के मामलों में वांटेड चार अपराधियों के करनाल में होने की गुप्त सूचना मिली। कुख्यात बदमाश करनाल में किसी मर्डर जैसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे हुए थे। 13 दिसंबर की रात को एसटीएफ की टीम ने रेड की और करनाल में चिड़ाव मोड के पास चारों बदमाशों को काबू कर लिया। इनके कब्जे से अवैध पिस्तौल, मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद हुए।

**काबू**
**छह साल की सजा काटने के बाद तीन महीने पहले ही बेल पर बाहर आया था**

उन्होंने बताया कि मुख्य बदमाश दीपक नरवाना का रहने वाला है। इस पर पहले से ही डबल मर्डर, डकैती, वसूली जैसे दर्जनभर मुकदमें दर्ज हैं।
वह छह साल की सजा काटने के बाद तीन महीने पहले ही बेल पर बाहर आया था। इसके बाद भी इसने सोनीपत और जींद में आईपीसी की धारा 307 में वारदातों को अंजाम दिया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ब्याना गांव के पास ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नगला रोडान निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक रविंद्र मृतक का चचेरा भाई है।
दोनों इंद्री से एलसीडी स्क्रीन लेकर घर जा रहे थे। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सहायता से घायल को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है।
राहगीर सलिंद्र मोकल ने बताया कि मैं अपनी गाड़ी में इंद्री की तरफ से आ रहा था। ब्याना गांव के पास एक बाइक ट्रक से टकराई हुई थी, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल थे। मृतक युवक सडक पर पड़ा था तो दूसरा झाडियों के बीच पड़ा था। लोग वहां पर तमाशबीन बने हुए थे। मैंने घायल को गाड़ी में बैठाया और करनाल के सरकारी अस्पताल में ले आया, हालांकि मैने कुछ राहगीरों को घायल के साथ चलने के लिए कहा था, लेकिन कोई भी साथ नहीं आया।

## बीजेपी वाले बैठकर सुलह कर लें, उन्हें मीडिया में बोलना क्या है : बजरंग पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पहलवान बजरंग पूनिया ने किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बीजेपी नेताओं और मंत्रियों को नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि बीजेपी के मंत्री एक तरफ कह रहे हैं कि हम किसानों को दिल्ली जाने से रोक नहीं रहे, दूसरी तरफ उन पर आंसू गैस के गोले भी छोड़े जा रहे हैं, कभी परमिशन मांगी जा रही है। एक बार नेता बैठ कर तय कर लें कि उन्हें



मीडिया में बयान क्या देना है। शनिवार को बजरंग पूनिया अंबाला में शंभू बॉर्डर पर किसानों के बीच पहुंचने से पहले कुछ देर के लिए करनाल में रुके थे। यहां से वे किसानों के साथ अंबाला रवाना हुए। बीजेपी सांसद रामचंद्र द्वारा किसानों के प्रति दिए गए विवादित बयान पर उन्होंने कहा कि बीजेपी सासंद कह रहे है कि आंदोलन के दौरान 700 लड़कियां गायब हुई है, सांसद इसका प्रूफ दें। केंद्र और राज्य में दोनों जगह बीजेपी की सरकार है, उसके बाद भी बीजेपी नेता बोल रहे हैं कि नशा बढ़ रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि यह नशा किसकी वजह से बढ़ रहा है, इसका मतलब तो यह है कि बीजेपी सरकार चलाने में नाकाम है। किसान नेता डल्लेवाल की बिगड़ती तबीयत के सवाल पर पूनिया ने कहा कि वे पंजाब के किसानों के लिए कुबार्नी नहीं दे रहे। वे पूरे देश के किसानों के लिए कुबार्नी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बोल रही थी कि ज्यादा किसान जाते हैं तो हुड़दंगबाजी होती है और किसान ट्रैक्टरों से हथियार लेकर जाते हैं, लेकिन किसानों ने 101 किसानों का जत्था भेजने का फैसला लिया तो उसको भी रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी मुद्दे की राजनीति नहीं करती। बीजेपी जात-पात और धर्म की राजनीति करती है। बजरंग पूनिया ने कहा कि एक तरफ बीजेपी पूरे देश में वन नेशन वन चुनाव की बात कर रही है। ऐसे में बीजेपी वन नेशन-वन एमएसपी भी कर दे, ताकि किसानों को भी कुछ राहत मिले।

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अच्छी पहल: जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'वन नेशन, वन इलेक्शनइ से जुड़े विधेयक के प्रारूप को मंजूरी देने की एक अच्छी पहल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक महत्वपूर्ण विषय उठाया है और इस पर व्यापक चर्चा हो रही है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि देश में लगातार चुनाव हो रहे हैं, चाहे वह केंद्र के चुनाव हों, राज्य के चुनाव हों या फिर स्थानीय निकाय चुनाव। हर समय



कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर बोझ बढ़ता है। इस संदर्भ में एक साथ चुनाव कराने के विचार को लेकर सरकार ने एक मुहिम शुरू की है और इसके लिए एक कानून बनाने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती है। इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। इसलिए यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव कराया जाए तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक घायल

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।
घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। घायल अशोक ने बताया कि वह घर का सामान लेने के लिए गांव के अड्डे पर जा रहे थे। चौराहे के पास गन्नौर की तरफ से आई एक सफेद रंग की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में वह घायल हो गया। उसकी पत्नी लक्ष्मी ने उसे इलाज के लिए खानपुर मेडिकल दाखिल करवाया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सडक दुर्घटना में युवक की मौत,अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर: पत्नी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में सडक हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में परिजनों ने अब हादसे की आशंका अज्ञात वाहन की लापरवाही जताई है। परिवार इससे पहले इसे एक नॉर्मल एक्सीडेंट मान रहा था। पुलिस ने अब बीएनएस की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार असंध के डेरा गामा गांव के निवासी पंजाब सिंह 19 अक्टूबर को अपनी धान की फसल बेचकर तरावड़ी अनाज मंडी से घर लौट रहे थे। डाचर-कारसा रोड पर उनकी मोटरसाइकिल एक मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रात का समय होने और सडक पर पर्याप्त रोशनी



न होने के कारण मौके पर उन्हें कोई मदद नहीं मिल सकी। 20 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि कारसा रोड के पास एक मोटरसाइकिल और शव सडक किनारे पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की और शव को करनाल अस्पताल में भिजवाया। प्राथमिक जांच में मृतक के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे।
शुरूआत में परिवार ने इसे नॉर्मल एक्सीडेंट समझा, लेकिन आसपास के गांवों में जानकारी जुटाने और पूछताछ के बाद परिवार को पता चला कि यह हादसा किसी अज्ञात वाहन की लापरवाही के कारण हुआ। मृतक की पत्नी मनप्रीत कौर ने पुलिस अधीक्षक करनाल को शिकायत देकर अपने पति की मौत के लिए अज्ञात वाहन और उसके चालक को जिम्मेदार ठहराया।
मृतक के चहेरे भाई बलतार सिंह ने बताया कि पंजाब सिंह घर.का इकलौता बेटा था। पहले पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 196 के तहत कार्रवाई की गई थी।
मृतक की पत्नी की शिकायत पर थाना निसिंग पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 और 106 के तहत अज्ञात वाहन और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
जांच अधिकारी अजैब सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**दुर्घटना**
**मौत के मामले में परिजनों ने अब हादसे की आशंका अज्ञात वाहन की लापरवाही जताई**

## वह समय चला गया जब पर्ची पर मिलती थी नौकरी: कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण शनिवार को अपने धन्यवादी दौरे के दौरान गांव बरसत में पहुंचे और यहां पर करीब 5 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक जंक्शन के निर्माण कार्य का शुभारंभ करके जनता को बहुत बड़ी सौगात दी। इस मौके पर ग्रामीणों ने हरविंद्र कल्याण का ढोल बजाकर गर्म जोशी से स्वागत किया और फूल-माला व बुके के साथ और पगड़ी देकर सम्मानित किया।
हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के अंदर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया गया है,



लेकिन पिछले 5 साल बड़े कठिनाई के रहे। कोरोना काल ने पूरे सिस्टम को बिगाड़ दिया था यहां तक की पूरी दुनिया इससे प्रभावित हुई थी। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि इन 5 वर्षों में शांति बनी रहे और देश व प्रदेश और मेरे क्षेत्र में तरक्की और खुशहाली हो।

उन्होंने कहा कि आपके प्यार और आशीर्वाद के कारण ही हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और मुझे भी आप लोगों ने लगातार तीसरी बार विधायक चुनकर अपना आशीर्वाद दिया है। इसी आशीर्वाद के कारण विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। यह मान सम्मान मेरा नहीं पूरे घरौंडा की जनता का है। इसके लिए तहेदिल से आपका आभार प्रकट करता हूं।
उन्होंने कहा कि घरौंडा हलका मेरा परिवार है, यहां पर मेरी आत्मा बसती है, किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि बहुत बड़ा पद मिला है लेकिन इसके साथ-साथ जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि पद के साथ-साथ मुझे जनता की सेवा और बेहतर ढंग से करने का सुअवसर मिला है, जिसे मैं पूरी तरह से करूंगा और जनता द्वारा सौंपी गईं जिम्मेदारियों को मैं पूरी ईमानदारी, कर्मठता और लगन से निभाउंगा।
इसके लिए मैं जनता के साथ-साथ केंद्रीय नेतृत्व का भी तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।
उन्होंने बताया कि आगामी दो माह के दौरान पूरे विधानसभा के 104 गांवों का दौरा करके वहां के लोगों की समस्याओं को इक्कठा करूंगा, आप लोग अपनी समस्याओं को लिख कर दो, मैं इन्हें संबंधित विभाग के पास भेजूंगा।

**धन्यवादी दौरा**
**दो माह के दौरान पूरे विधानसभा के 104 गांवों का दौरा करके वहां के लोगों की समस्याओं को इक्कठा करूंगा**

## विधायक जगमोहन आनंद तीव्र गति से करवा रहे विकास कार्य: डा. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने पुरानी सब्जी मंडी में ट्यूबवैल का शिलान्यास किया। इसके लिए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं इलाके के पूर्व पार्षद डा. अशोक कुमार ने विधायक जगमोहन आनंद का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधायक जगमोहन आनंद ने इस इलाके में पानी की सप्लाई की कमी की पुरानी मांग को पूरा किया जिसके लिए सभी वार्ड वासी उनका धन्यवाद करते हैं।
डा.अशोक ने बताया कि यह ट्यूबवेल नगर निगम की ओर से लगाया जा रहा है और



इसका निर्माण कार्य एक महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। ट्यूबवेल के चालू होने के बाद वार्ड 12 के लोगों की पेयजल की समस्या खत्म हो जायेगी और उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।
उन्होंने कहा कि करनाल से जगमोहन आनंद के विधायक बनने के पश्चात करनाल में विकास कार्य तीव्र गति से हो रहे हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। विकास परियोजनाओं की समीक्षा स्वयं विधायक जगमोहन आनंद व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर रहे हैं।

**आभार**
**विधायक जगमोहन आनंद ने इस इलाके में पानी की सप्लाई की कमी की पुरानी मांग को पूरा किया**

## संपादकीय

# लोकहित ही मानवता की बुनियाद

**मनुष्य में** उत्साह से जीवन जीने की जिजीविषा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिकत परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है। शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुनः मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है।इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी। व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है। कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है। जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में कार्य करने की प्रेरणा समसामयिक परिस्थितियों से जूझने की इच्छा शक्ति एवं असफलता में ना घबराने तथा प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की अदम्य जिजीविषा के साथ संघर्ष में विजयी होने की कामना भी होनी चाहिए। मनुष्य के जीने की स्वच्छंद प्रवृत्ति केवल मनुष्य को आनंद एवं आम संतोष प्रदान कर सकती है पर ईश्वर के बनाए मनुष्य की परिणति सर्वथा इसके विपरीत है, मनुष्य को सदैव प्रयत्नशील होकर मानवीय संवेदनाओं को सहेज कर जगत के कल्याण के बारे में तन मन धन से प्रयास करना चाहिए तभी मनुष्य के जीने का लक्ष्य संपूर्ण रूप से प्राप्त हो सकता है।

विभिन्न चिंतकों का मानना है कि जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब अलग-अलग किरदार की तरह उसे निभाते चले जाते हैं। पर इस किरदार को निभाने में सच्चाई ईमानदारी प्रयत्नशीलता एवं संघर्षों के प्रति साहस जिंदगी को रुचिकर बनाकर आगे बढ़ने के प्रयास को द्विगुणित करते हैं। वैसे जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही सिक्के के दो पहलू हैं और सफलता तथा असफलता को एक ही ही उत्साह से स्वीकार करने वाला व्यक्ति सफल व्यक्तित्व का मालिक हो सकता है। जीवन में यदि लोभ,कामना,स्पृहा, लालच से यदि बचकर आगे बढ़ा जाए तो जीवन सात्विक तौर पर दार्शनिक जीवन माना जा सकता है पर ऐसे जीवन में आर्थिक तंत्र अत्यंत मजबूत हो इसकी कोई निश्चिंतता का कोई निश्चित परिणाम नहीं होता है।

# बिजनेसमैन गौतम अडाणी पर अटकी कांग्रेस

**योगेश कुमार सोनी**

> "मौजूदा स्थिति में कांग्रेस केवल अडाणी के मुद्दे पर ही अटक सी गई है। कांग्रेस किसी भी स्तर के चुनाव के लिए संबंधित राज्य या अन्य किसी घटनाक्रम पर कोई चर्चा नहीं कर रही। यदि दिल्ली के परिवेश में चर्चा करें तो अब भी कांग्रेस ने दिल्ली की समस्याओं से संबंधित या चुनावी रणनीति के तहत अब तक कोई बयान नहीं दिया"

**महाराष्ट्र** और झारखंड के बाद बारी दिल्ली विधानसभा चुनाव की है। और अब इसमें को दोराय नहीं कि यहां दो बार से लगातार जीतती आ रही आम आदमी पार्टी इस बार भी चुनाव रणनीति से लेकर प्रचार के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों पर बढ़त बनाए हुए है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी की खाक छानते हैं लेकिन उनकी नाक के नीचे दिल्ली में जहां कभी शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस ने 15 साल तक राज किया, उसी दिल्ली को राहुल गांधी ने क्या इस बार भी आम आदमी पार्टी की झोली में डालने का मन बना लिया और ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि दिल्ली में इस बार जो चुनाव होंगे तो खुद केजरीवाल और उनके कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे हैं। ऐसे में भाजपा के साथ ही कांग्रेस के लिए एक मौका है। लेकिन लगता है कि कांग्रेस ने एक रणनीति के तहत केजरीवाल के सामने अचानक सरेंडर कर दिया है। मौजूदा स्थिति में कांग्रेस केवल अडाणी के मुद्दे पर ही अटक सी गई है। कांग्रेस किसी भी स्तर के चुनाव के लिए संबंधित राज्य या अन्य किसी घटनाक्रम पर कोई चर्चा नहीं कर रही। यदि दिल्ली के परिवेश में चर्चा करें तो अब भी कांग्रेस ने दिल्ली की समस्याओं से संबंधित या चुनावी रणनीति के तहत अब तक कोई बयान नहीं दिया। राहुल गांधी के साथ अब लोकसभा में वायनाड से चुनाव जीतकर एंट्री करने वाली प्रियंका गांधी भी आक्रामक शैली अपनाती रही हैं लेकिन समस्या यह है वह भी केवल अडाणी के मुद्दे पर ही बात कर रही हैं। यहां दोनों नेताओं को यह समझना पड़ेगा कि देश में आम जनता को अपने से जुड़े मुद्दे समझ में आते हैं।

अडाणी के मामले से किसी आमजन को किसी भी प्रकार का सरोकार नहीं है और किसी भी घटनाक्रम की सीमा होती है। हर रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस में या भाषण में एक ही बात को करना जनता को समझ नहीं आ रहा। दरअसल कांग्रेस बीते लगभग तीन वर्षों में किसी भी राज्य व लोकसभा चुनाव में जितनी ऊर्जा के साथ लजडी, उतनी ऊर्जा दिल्ली के परिवेश में नहीं दिख रही। इस बात को लेकर हर कोई आश्चर्यचकित है कि कांग्रेस ऐसा क्यों कर रही है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि यह चुनाव कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का अघोषित गठबंधन भी हो सकता है। यहां अघोषित गठबंधन से अभिप्राय यह है कि वह खुले तौर पर एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे लेकिन कांग्रेस केवल नाम मात्र के लिए ही चुनाव लड़ेगी। आज के दौर में इसका सबसे बड़ा उदाहरण मायावती के रूप में देखा जा सकता है। इसके अलावा कांग्रेस के बड़े चेहरे भी आम आदमी पार्टी व भाजपा में शामिल हुए। कांग्रेस के दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का भाजपा में शामिल होना एक बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। लवली कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी माने जाते थे। राहुल गांधी के करीबी दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव करीब एक महीने से न्याय यात्रा निकाले हुए हैं, लेकिन राहुल ने अब तक इसमें हिस्सा ही नहीं लिया है।





> इस न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने शुरूआत में खूब हवा बनाई थी। जैसे-जैसे समय बीत रहा है कांग्रेस जमीन पर कुछ खास करती हुई नजर नहीं आ रही है। दरअसल इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से अच्छा प्रदर्शन किया था और माना गया कि मुस्लिम मतदाताओं का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और जहां तक बात दिल्ली में मुस्लिम मतदाताओं की है तो वो करीब 11-12 फीसदी हैं

जबकि इस न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने शुरूआत में खूब हवा बनाई थी। जैसे-जैसे समय बीत रहा है कांग्रेस जमीन पर कुछ खास करती हुई नजर नहीं आ रही है। दरअसल इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से अच्छा प्रदर्शन किया था और माना गया कि मुस्लिम मतदाताओं का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और जहां तक बात दिल्ली में मुस्लिम मतदाताओं की है तो वो करीब 11-12 फीसदी हैं और 70 विधानसभा सीटों में से आठ तो मुस्लिम बाहुल्य हैं, वह 35 से 60 फीसद तक हैं। आम आदमी पार्टी के उदय से पहले यहां कांग्रेस जीतती रही है। ऐसे में इस बार कांग्रेस को फिर से वापसी का प्रयास करना चाहिए था। उसे कामयाबी भी मिल सकती थी, क्योंकि 2015 और 2020 के चुनाव में कांग्रेस को शून्य सीटें मिली थी। ज्ञात हो कि यह वही कांग्रेस और आदमी पार्टी है जो 1993 के विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे को गाली देते हुए लड़े और जब लगा कि भाजपा सत्ता में आ सकती है तो दोनों एक हो गए लेकिन इनका साथ 50 दिन तक भी नहीं चला। तब कांग्रेस को 24 फीसदी से अधिक वोट मिले थे। इसके बाद जो हुआ उसका आंकड़ा गौर करने वाला है। 2015 में कांग्रेस का वोट फीसद दस के करीब रहा और 2020 में कांग्रेस का आंकड़ा गिरकर पांच फीसदी के करीब आ गया। इधर भाजपा का वोट प्रतिशत तीस फीसदी या उससे ज्यादा बना हुआ है। जबकि आम आदमी पार्टी का वोट फीसदी 53 प्रतिशत से ज्यादा हो चुका है। देखा जाए तो क्या दिल्ली में भाजपा को दूर रखने के लिए कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ डील कर ली है। ऐसी डील पहले भी होती रही है और लोकसभा चुनाव में भी दोनों ने दिल्ली में मिलकर लड़ा था हालांकि दोनों को एक भी सीट नहीं मिल पाई थी। इसके अलावा फ्रांसीसी अखबार में छपी इस रिपोर्ट के आधार पर भाजपा के सांसदों ने कांग्रेस को सदन में घेरा। भाजपा के सांसदों ने कांग्रेस और विपक्ष के नेता पर विदेशी हस्तक्षेप को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ओसीसीआरपी का मुद्दा जमकर उठाया और विपक्ष पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि जब भी संसद का सत्र चल रहा होता है, उसी समय विदेशों में कोई ना कोई रिपोर्ट सामने आ जा जाती है। इसमें कांग्रेस की कोई चाल नजर आती है। बहरहाल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में किस तरह के किरदार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे, यह तस्वीर अभी साफ नहीं है। अंतिम समय में क्या परिस्थिति बनती है यह समय बताएगा।

## कविता

हे प्रभु जमीं न दी,आसमान तो दे,
जरा जीने का अदद सामान तो दे।

बहुत चाहत लिप्सा,आकांक्षा नहीं,
जीने का कोई तरीका आसान तो दे ।

रोज खाली हाथ लौटते हैं घर जब
बच्चों को खिलाने कुछ समान तो देदे।

गीली ठंडी जमीं पर सोता हूं मैं रोज,
आसमानो को भेदने तीर कमान तो दे।

फकीरी में फैलाने की हाथ आदत नही
कुछ न मांगूं कभी ये वरदान तो दे।

नन्हे हाथ मेरे पहुंचते नहीं तुझ तक,
तुझ तक आने की राह आसान दे दे।

किसी के कभी काम आ सकूँ संजीव,
हाथो में इतना सच्चा ईमान तो दे दे।

संजीव

---------

## सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस

**प्रियंका 'सौरभ'**

**संसद में** पीठासीन अधिकारियों की भूमिका तटस्थता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि संसदीय कार्यवाही निष्पक्ष और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो। हाल ही में, विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव उठाया, जिसमें उन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया गया। यह स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता के लिए प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में निष्पक्षता बनाए रखने के महत्त्व को उजागर करती है। संसदीय कार्यवाही की तटस्थता बनाए रखने में संसद के पीठासीन अधिकारियों की भूमिका बहस में निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। पीठासीन अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है कि सभी सांसदों को, चाहे वे किसी भी पार्टी से सम्बद्ध हों, बहस में भाग लेने के समान अवसर दिए जाएँ। निर्णयों में निष्पक्षताः अध्यक्ष द्वारा किए गए निर्णय पक्षपातपूर्ण झुकाव के बजाय संसदीय प्रक्रियाओं पर आधारित होने चाहिए। अध्यक्ष को सरकार और विपक्ष के बीच संघर्षों में मध्यस्थता करनी चाहिए, शिष्टाचार बनाए रखते हुए रचनात्मक संवाद के लिए जगह बनानी चाहिए। एक तटस्थ पीठासीन अधिकारी संसद की अखंडता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है, लोकतांत्रिक बहस के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देता है। यदि अध्यक्ष को तटस्थ माना जाता है, तो संसदीय प्रणाली में विश्वास मजबूत होता है, जिससे स्वस्थ लोकतांत्रिक चचाओं को बढ़ावा मिलता है, जैसा कि यू.के. जैसे परिपक्व लोकतंत्रों में देखा जाता है। संसदीय संस्था की वैधता की रक्षा के लिए पीठासीन अधिकारी को हमेशा निष्पक्षता का प्रदर्शन करना चाहिए। यदि अध्यक्ष को पक्षपाती माना जाता है, तो इससे संसदीय कार्यवाही में विश्वास कम हो सकता है और विधायी प्रक्रिया में जनता का विश्वास कम हो सकता है। अध्यक्ष के कार्यों में पक्षपात की धारणा के परिणामस्वरूप जनता में यह धारणा बन सकती है कि संसद को एक पार्टी के हितों की सेवा के लिए हेरफेर किया जा रहा है। पक्षपातपूर्ण अध्यक्ष संसद के भीतर राजनीतिक विभाजन को बढ़ा सकता है, जिससे सरकार और विपक्ष के बीच संघर्ष बढ़ सकता है। ऐसे परिदृश्य में, सरकार और विपक्ष अध्यक्ष के निर्णयों को चुनौती देने के लिए चरम रणनीति का सहारा ले सकते हैं, जिससे संसद में अधिक शत्रुतापूर्ण और कम उत्पादक वातावरण बन सकता है। अध्यक्ष में कथित पक्षपात संसद की संस्था को ही कमजोर करता है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। यदि अध्यक्ष पक्षपातपूर्ण है, तो संसद के भीतर जवाबदेही के तंत्र विफल हो सकते हैं, जिससे अनियंत्रित कार्यकारी शक्ति की अनुमति मिलती है। यदि अध्यक्ष को किसी एक राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करते हुए देखा जाता है।

## विचार

# संसद से सड़क तक शाब्दिक बाण तानों (तंज) का प्रचलन बढ़ा

**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक चलने वाले सेट सत्र में 26 जनवरी 2025 को संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संसद में चर्चा 13-14 दिसंबर 2024 को संविधान पर चर्चा हुई जिसको मैंने चैनलों के माध्यम से देख के प्रथम प्रथम संविधान संशोधन से लेकर अनेक बातें पक्ष विपक्ष द्वारा कही गई जो एक दूसरे के ऊपर शाब्दिक बानो तानों तंज का प्रयोग कर गया जिसमें दोनों बचाओ मुद्रा में नजर आए इसलिए मेरा मानना है कि प्रशंसा, निंदा और तानों को सहज भाव में लेना मंजिल तक पहुंचने का मंत्र है। बता दें मानवीय स्वभाव की यह एक स्वाभाविक विशेषता रही है कि हम दूसरों की प्रतिक्रिया पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं, यही हमारी आधुनिक डिजिटल युग में कमजोरी ज्ञात पड़ती है क्योंकि आज के प्रतियोगिता युग में अपने प्रतिद्वंदी को शाब्दिक पटखनी देने के लिए तानों तंज जैसे मजबूत कानूनी शेड प्राप्त हथियार और कोई नहीं है क्योंकि तानों और तंज से बिना का नाम लिए शाब्दिक बाण छोड़े जाते हैं और तीर ठीक निशाने पर लगा और लक्षित व्यक्ति या पार्टी अवसाद में आई तो लक्ष्य भेदी व्यक्ति का मिशन सफल हो गया समझो! और ताना या तंज ग्रहण करने वाले हम अवसाद में आ जाएंगे याने नुकसान हमें ही होगा। तानों, तंज की धमाचौकड़ी राजनीतिक व्यापारिक व्यवसायिक सामाजिक घरेलू और व्यक्तिगत स्तरपर भी खूब प्रचलित होते जा रही है क्योंकि इसमें नतो कोई टैक्स है और न ही कोई कानूनी झमेला !बस कर दिया !हालांकि आजकल हम मीडिया के माध्यम से राजनीतिक क्षेत्र में इसका उपयोग, प्रयोग होते हुए अधिक देख रहे हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से तानों तंज पर चर्चा कर उसका मुकाबला करने पर विचार करेंगे।

साथियों बात अगर हम तानां मारने या तंज कसने कीपरिभाषा की करें तो, ताना मारना या तंज कस नें का मतलब होता है उल्टी बात या ऐसी बात बोलना जिससे सुनने वाले को बुरा लगे. जब कोई किसी का उपहास उड़ाता है तब वह तंज कसता है। जब कोई किसी को पसन्द नही करता है या उससे जलता है । तो इस तरह से उस व्यक्ति को अपने आप से निचा दिखाने के लिए या उसे दुखी करने या चिडाने के लिए कुछ ऐसी वैसी बात कह देते है जो स्पष्ट रूप से अर्थ प्रकट नही करती है फिर भी उसका अर्थ चिडाने या दुखी करने जैसे कार्यो के लिए निकलता है।इस तरह की बात करने को व्यंग्य करना कहा जाता है,और इसी तरह से जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के लिए किसी भी कारण से व्यंग्य करता है तो इसे ताना मारना कहा जाता है। व्यंग्य एक ऐसी विधा है जिसमें बातें कटाक्ष और हास्य का पुट लिये इशारों- इशारों में होती हैं। गजल और शायरी इशारों की ही विधा है। किसी घटना पर रचनात्मक इशारा करना एक विधा है, लेकिन शायरी में व्यंग्य बड़े तरीके से किया गया है।

साथियों बात अगर हम तंज कसने के नमूनों की करें तो, महान रचनाकताओं नें खूब लिखा है, लीडरों की धूम है और फॉलोवर कोई नहीं, सब तो जेनरेल हैं यहाँ आखिर सिपाही कौन है, कोई हिन्दू कोई मुस्लिम कोई ईसाई है सब ने इंसान न बनने की कसम खाई है , कोट और पतलून जब पहना तो मिस्टर बन गया, जब कोई तकरीर की जलसे में लीडर बन गया , कब उन आँखों का सामना न हुआ, तीर जिन का कभी खता न हुआ, 56 इंच चौड़ा सीना, 15 लाख बैंक खाते में जमा करना इत्यादि।

साथियों बात अगर हम मानवीय स्वभाव की करें तो, यह एक बहुत ही स्वभाविक विशेषता है मानवीय स्वभाव की, की हम दूसरों की प्रतिक्रिया पर निर्भर रहते है,

अगर कोई हमारी प्रशंसा करता है तो, हम जिस बात के लिए हमारी प्रशंसा की है, उसको दोहराते है, जैसे कि किसी ने हमें सुंदर कहा तो, हम एक बार जरूर प्रशंसा करने वाले की नजरों से आइने मैं देखते है, क्योंकि हम किसी की भी प्रशंसा को सच मानते है , और उसे देख कर या वैसा व्यवहार कर सत्यापित करते है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# कंप्यूटर-आधारित परीक्षण के माध्यम से शैक्षिक विभाजन को पाटना

**विजय गर्ग**

**एक सफल** कक्षा केवल किताबों और संसाधनों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा वातावरण बनाने के बारे में है जहां छात्र सफल होने के लिए मूल्यवान, सुने जाने वाले और सशक्त महसूस करते हैं भारत जैसे आबादी वाले और विविधतापूर्ण देशों में, शैक्षिक परिदृश्य अक्सर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच स्पष्ट विरोधाभासों को प्रतिबिंबित करता है। शहरी क्षेत्र उन्नत बुनियादी ढांचे और व्यापक शैक्षिक अवसरों तक पहुंच से लाभान्वित होते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र अक्सर सीमित संसाधनों और अवसरों के साथ संघर्ष करते हैं। यह असमानता ग्रामीण समुदायों में छात्रों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, जिससे उनके करियर की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं और गरीबी का चक्र बना रहता है।

हालाँकि, कंप्यूटर-आधारित परीक्षण (सीबीटी) जैसे नवोन्मेषी समाधान इस विभाजन को पाटने की क्षमता रखते हैं, जिससे रोजगार क्षमता और सामाजिक आर्थिक प्रगति में वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। प्रमाणन के माध्यम से सशक्तीकरणः शैक्षिक केंद्र व्यक्तियों को रोजगार और उद्यमिता की ओर ले जाने वाले कौशल से लैस करके सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऑनलाइन शिक्षण पहल और सीबीटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच प्रदान करते हैं, जिससे ग्रामीण शिक्षार्थियों को उनके शहरी समकक्षों के बराबर अवसर मिलते हैं। सीबीटी पाठ्यक्रमों और प्रमाणपत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला को सक्षम करके इन पहलों को बढ़ाता है, जिसमें कोडिंग और डेटा विश्लेषण जैसे तकनीकी कौशल और संचार और नेतृत्व जैसे सॉफ्ट कौशल शामिल हैं। राष्ट्रीय या विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र व्यक्तियों के कौशल में मूल्य जोड़ते हैं, जिससे वे नौकरी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाते हैं।

जैसे-जैसे अधिक लोग कौशल बढ़ाते हैं और रोजगार सुरक्षित करते हैं, समुदाय आर्थिक उत्थान का अनुभव करते हैं। शिक्षित व्यक्ति अक्सर अपने समुदायों के भीतर ज्ञान साझा करते हैं, जिससे एक प्रभावशाली प्रभाव पैदा होता है।

## कटोरी वापसी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**बात तब की है** जब हमारा परिवार नई कॉलोनी में शिफ्ट हुआ था। पहले ही दिन, पड़ोसी आंटी का चेहरा चमकता हुआ आया। हाथ में कटोरी लिए उन्होंने सीधे कहा, थोड़ी चीनी मिलेगी? सुबह की चाय बिना चीनी के फीकी लग रही है।

हमने मुस्कान के साथ चीनी दे दी, और साथ में कटोरी भी। कटोरी तो वही साधारण स्टील की थी, लेकिन उस दिन से वह हमारी कहानी की नायिका बन गई। समय बीतता गया, चाय बनी, शक्कर खत्म हुई, पर कटोरी का घर लौटना नहीं हुआ। हर बार पड़ोसी आंटी मिलतीं, लेकिन हमारी कटोरी का कोई जिक्र न होता। एक दिन मां ने कहा, अब तो पूछना पड़ेगा। कब तक हमारी कटोरी उनके घर गुलामी करेगी? जैसे ही हमने आंटी से कटोरी के बारे में पूछा, उनका जवाब सुनकर हम स्तब्ध रह गए। उन्होंने बड़ी मासूमियत से कहा, अरे बेटा, वो तो हमने आपकी दी हुई कटोरी में हलवा बनाया था। अब वो कटोरी हलवा वाली बन गई।

आप चाहो तो दूसरी ले जाओ। दूसरी कटोरी का सुझाव देना? ये तो बर्तन-नीति के विरुद्ध था। हमने तय किया कि अब बर्तन वापसी का अभियान शुरू करना होगा। कटोरी वापसी का यह संघर्ष केवल हमारे घर तक सीमित नहीं रहा। धीरे-धीरे कॉलोनी के अन्य लोग भी इस महायुद्ध में कूद पड़े। मेरी थाली, मेरी चम्मच, मेरा भगोना—हर किसी की अपनी कहानी थी। पड़ोसी के यहां से बर्तन लौटवाने के लिए रणनीतियां बनाई जाने लगीं। एक पड़ोसन ने सुझाव दिया, जब वो कुछ मांगने आएं, तो उसी वक्त उनकी रसोई में झांक लो। अपने बर्तन को पहचान लो। दूसरी ने कहा, त्योहारों पर पकवान भेजो और हर डिब्बे में अपना नाम लिख दो। फिर भूलने का सवाल ही नहीं।

कुछ उत्साही लोगों ने तो तकनीक का सहारा ले लिया। बर्तन पर नाम खुदवाने से लेकर दफकोड लगाने तक की सलाह दी जाने लगी। एक सज्जन ने तो दावा किया कि उनके पास एक ऐसा ऐप है जो बर्तन का लोकेशन ट्रैक कर सकता है। हालांकि, यह ऐप कभी प्ले स्टोर पर नहीं मिला।

# मनोज परोचा चुने गए हरियाणा वाल्मीकि जागृति मिशन के जिलाध्यक्ष

## एडवोकेट अशोक सांभली को महासचिव व संजय पधाना को मिली कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**बैठक**

**सेक्टर-9 वाल्मीकि भवन में स्टेट कोर्डिनेटर राजेंद्र चनालिया जुंडला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा वाल्मीकि जागृति मिशन की जिला ईकाई के गठन को लेकर शनिवार को सेक्टर-9 वाल्मीकि भवन में स्टेट कोर्डिनेटर राजेंद्र चनालिया जुंडला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से मनोज परोचा चिड़ाव को जिलाध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार से एडवोकेट अशोक सांभली को महासचिव व संजय पधाना को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इन सदस्यों को यह दायित्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र के अनुमोदन पर दिया गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को सभी साथियों ने बधाई दी और उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

मनोज परोचा ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी मेरे कंधों पर डाली है, उनका निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से समाज के हित में करूंगा, कभी भी समाज की कहीं भी अनदेखी नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि समाज के हितों के लिए हमेशा यह संगठन आगे बढकर संघर्षरत रहेगा। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि संगठन के साथ मिलकर समाज के अधिकारों को सुरक्षित रखने में अपना भरपूर सहयोग दें। इस अवसर पर हरियाणा वाल्मीकि जागृति मिशन के प्रदेश महासचिव विक्रम चनालिया, मीडिया प्रदेश सलाहकार रघुबीर सिंह गागट, हरियाणा वाल्मीकि जनकल्याण संघ के अध्यक्ष सुभाष बुम्बक, कोषाध्यक्ष दयानंद, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल श्यामलाल, सेवानिवृत्त इंसपेक्टर गुलजार, मास्टर तिलक राज, सुरजीत एडवोकेट, अनिल चनालिया, सतीश चौहान, डा. रणजीत सिंह उपस्थित रहे।

# कच्ची गलियां व उनमें जमा कीचड़ ग्रामीणों के लिए बना नरक

**गंदगी का अंबार**

**गंदगी व मच्छरों की भरमार होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** गांव खेड़ी गुज्जर में कच्ची पड़ी गलियां ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। गलियां कच्ची होने की वजह से सफाई व्यवस्था का भी बुरा हाल है। इन गलियों में गंदे पानी की निकासी न होने से गंदा पानी गली में ही भरा रहता है। जिससे गंदगी व मच्छरों की भरमार होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीण सोनू, प्रदीप कश्यप ने बताया कि गांव में कुछ गलियों का निर्माण जरूर हुआ है, लेकिन अभी गांव में कई कच्ची गलियां हैं, जिनका निर्माण किया जाना बेहद जरूरी है। यहां नालियां नहीं बनने से गलियां गंदगी व कीचड़ से अटी रहती हैं। जिससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कुछ गलियों में दुपहिया वाहन निकलने का भी रास्ता नहीं है। बच्चों को स्कूल आने-जाने भी असुविधा हो रही है। जिससे वहां के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से गली निर्माण की दिशा में कदम उठाने की मांग की है। वहीं गांव के सरपंच जगबीर छौक्कर ने बताया कि गांव में कुछ गलियों का निर्माण किया गया है। उन्होंने गांव में गांव में स्टेडियम निर्माण, गली के साथ-साथ सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। वह मुख्यमंत्री से मिले भी थे। जिस पर कार्रवाई चल रही है।

# 27542 मुकदमों का आपसी सहमति से किया निपटारा



**निपटारा**

**घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**माननीय** न्यायमूर्ति अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया ।लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया। जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है।

श्रीमती मीनू , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने आगे खुलासा किया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है।

# सोनीपत में बढ़ी विकास कार्यों की रफ्तार: मदान

**शुभारंभ**

**सोनीपत विधानसभा में 1 करोड़ 63 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** विधायक निखिल मदान ने शनिवार को सोनीपत विधानसभा में 1 करोड़ 63 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे। मौके पर एकत्रित हुए सभी क्षेत्र वासियों ने विधायक और पार्षद का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने सुंदर सांवरी की बूस्टर वाली गली में पहुँचकर वर्षों पुराने और धार्मिक मान्यता रखने वाले तालाब के नवीनीकरण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि इस वर्षों पुराने तालाब को पुनर्जीवित किया जाएगा। साथ ही तालाब के चारों और पार्क और वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र वासियों को कूड़ा करकट और गंदगी से राहत मिलेगी। साथ ही तालाब के सौंदर्यीकरण से क्षेत्रवासी लाभान्वित होंगे। इस कार्य में 85 लाख 55 हजार की लागत आएगी। इसके बाद विधायक निखिल मदान ने जटवाड़ा के शिव मंदिर कच्चा बाग के सामने वाली और अन्य ब्रांच गलियों को सीसी से पक्का किए जाने के कार्य का भी शुभारंभ किया।

स्थानीय निवासी ओम प्रकाश ने नारियल तोड़कर विकास कार्यों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि 40 लाख 76 हजार की लागत से जटवाड़ा की इस मुख्य गली को पक्का किया जाएगा साथ ही ब्रांच गलियों को भी सीसी से पक्का किया जाएगा।

# नैशनल लोक अदालत में हुआ 4795 मुकदमों का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला करनाल की सभी अदालतों में लम्बित मुकदमों के लिए नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस लोक अदालत के बैच में सुगगनदीप कौर, प्रिंसिपल न्यायाधीश पारिवारिक कोर्ट, विवेक गोयल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश, डा.सविता कुमारी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश, सुधीर कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सुनीलम, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), सुबनीत कौर सोखी, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) शामिल रहे।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुइरम हसन ने सभी स्थापित बैंचों का निरीक्षण किया व आवश्यक मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में 29416 मुकदमें रखे गए, जिसमें से 4795 मुकदमों का निपटारा हुआ। इन मुकदमों में मोटर दुर्घटना संबधित 30 मुकदमों का निपटारा हुआ। पारिवारिक विवाद संबधित 89 मुकदमों का, बैंक बाउंस सम्बंधित 245 मुकदमों का और यातायात

# डांस स्पोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए लक्की राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सामाजिक कार्यकर्ता लक्की राव सीगड़ा को एमेच्योर डांस स्पोर्ट एसोसिएशन हरियाणा के जिला अध्यक्ष महेन्द्रगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला सचिव विकास ने बताया कि यह हमारे लिए गौरव का विषय हैं कि जिले एक-एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी मिली हैं। डांस स्पोर्ट एसोसिएशन की गतिविधियों से महेंद्रगढ़ जिले के डांस प्रेमियों एवं प्रतिभागियों के लिए खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। नवनियुक्त जिला



अध्यक्ष लक्की राव सीगड़ा ने इस नियुक्ति के लिए एमेच्योर डांस स्पोर्ट एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष एसके वशिष्ठ और महासचिव राजेश शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन द्वारा दी गई जिम्मेवारी को बखूबी निभाएंगे। युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलकूद एक प्रमुख आयाम है। खेलने से शिक्षा के साथ युवाओं का शारीरिक, मानसिक, नैतिक व आध्यात्मिक, प्राणिक एवं चारित्रिक विकास भी होता है, जो अति महत्वपूर्ण है। शारीरिक विकास के बिना शिक्षा भी अपूर्ण है।

डांस स्पोर्ट एक बेहतरीन एकीकृत खेल है और यह पूरी दुनिया में फैला हुआ है। नृत्य सही मायने में हमारी संस्कृति को भी दशार्ता है। नृत्य से सामाजिक कौशल और रचनात्मकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 18,593 मुकदमों का आपसी सहमति से किया गया निपटारा`

**समाधान**

**अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, सोनीपत द्वारा भी उपभोक्ता मामलों का निपटान किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: न्यायमूर्ति** अरुण पल्ली , न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शानुसार ० प्रमोद गोयल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत के नेतृत्व में ० प्रचेता सिंह , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत की देखरेख में आज सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, ० खरखौदा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के 34 केसों का निपटारा किया गया, जिसमें वादियों का 2,10,35,000/- की समझौता राशि का निपटारा किया गया। इसके अलावा 8566 चालानों का निपटारा किया गया ० 2,52,79,500 रुपये की राशि वसूली गई। इसके अलावा फौजदारी के 36 केसों का निपटान किया गया। 354 सिविल केस, 45 वैवाहिक विवाद संबंधी, 173 चेक बाउंस संबंधित केस का निपटान किया गया व 1,55,66,582 /- की राशि का निस्तारण किया गया` डिस्ट्रिक्ट ए.डी.आर सेंटर, सोनीपत में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 111 केसों का निपटान किया गया`

प्रचेता सिंह , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत ने बताया की आज डॉ. नरेंदर कौर, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश, सोनीपत, नरेंदर सिंह, अतिरिक्त जिला ० सत्र न्यायधीश, सोनीपत, कुलदीप सिंह, प्रिंसिपल जज (फॅमिली कोर्ट), सोनीपत, , मिस दीप्ति , सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सोनीपत, मिस मानसी गौर, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत ० मिस अर्शबीर कौर संधू , न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सोनीपत ० उपमंडल स्तर पर मिस खुसबू गोयल , एस. डी. जे .एम, गोहाना, सागर शर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, गनौर, सोनीपत, सूर्यकरण चौधरी , न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, खरखौदा, सोनीपत की बेंचो के द्वारा केसों का निपटारा किया गया`

इसके अलावा पुलिस विभाग (कमिश्नर कार्यालय) ० जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा, खानपुर ० राई की बेंचो द्वारा राजस्व और अन्य सहायक मामलों सम्बन्धी मामलों का निपटान किया गया। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, सोनीपत द्वारा भी उपभोक्ता मामलों का निपटान किया गया।

# स्कूल में अध्यापक व विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत के प्रांगण में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक स्पेशल गाइडेंस एंड काउंसलिंग की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत सोनू सिंह , दीपक नागर प्रमुख सलाहकार और सुजीता सिंह रहे। सोनू सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और कहा कि मार्गदर्शन और परामर्श का सामान्य महत्व यह है कि विद्यार्थी भविष्य में ऐसी सेवाएं प्रदान करें जो व्यक्तित्व सामाजिक



,शैक्षणिक और कैरियर विकास को बढ़ावा दे। मार्गदर्शन और परामर्श व्यक्ति की प्रतिभा और योग्यता को पहचान कर अवांछनीय लक्षणों को दूर करने में मदद करते हैं और इससे आशावादी दृष्टिकोण का भी विकास होता है। सोनू सिंह ने कहा कि अगर विद्यार्थियों को अपने जीवन में कामयाबी प्राप्त करनी है तो सबसे पहले उन्हें अपने आप से ही लड़ना होगा। अपने ऊपर पूरा तरह से नियंत्रण करना होगा।

**सक्षम**

**अध्यातित रहाणे अवधारणाओं को समझने और अपना नेटवर्क बनाने में सक्षम बनाती है**

जब आप खुद से ही अपने आप को जीत जाओगे तभी आप ताकतवर बनकर अपने गोल को प्राप्त करोगे। उन्होंने कहा कि तुम अपनी ताकत खुद बनो ताकि तुम किसी पर निर्भर ना रहो। काउंसलर दीपक नागर जी ने विद्यालय की अध्यापिकाओं को टीचिंग और लर्निंग की अलग-अलग प्रक्रियाओं के बारे में बताया । उन्होंने यह भी बताया कि कैसे एक बच्चों की प्रतिभा को आगे लाया जा सकता है। अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने कहा कि सेमिनार और कार्यशालाएं छात्रों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है सेमिनार कार्यशालाएं और प्रस्तुतियां छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी होती हैं क्योंकि वे उन्हें मूल्यांकन करने वर्तमानकरने वर्तमान घटनाओं पर अध्यातित रहाणे अवधारणाओं को समझने और अपना नेटवर्क बनाने में सक्षम बनाती है ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों का दृष्टिकोण और अध्यापक की प्रतिभा को निखार सकते हैं। अंत में प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने आए हुए सभी अतिथि गण का धन्यवाद करके कार्यशाला को संपन्न किया।

# मानव जीवन के कल्याण हेतु ओम शांति मूल मंत्र का संकल्प ले : अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गन्नौर आश्रम की संचालिका अर्चना बहन ने में मानव जीवन के कल्याण हेतु ओम शांति मूल मंत्र का संकल्प ले। ज्ञान रूपी मुरली अमृत है, जिसे पीकर हम परमपिता परमात्मा से अपना वर्षा प्राप्त करते हैं। ज्ञान सत्य है, चैतन्य है, सागर है, संक्षेप में, मुरली स्वयं का कर्म दर्शन है। अर्चना बहन शनिवार को नगर पालिका रोड स्थित विश्वविद्यालय में सत्संग में बोल रही थी । मुरली के अंशों को पढ़कर हम अपने कर्म की गुणवत्ता का विश्लेषण करते हैं। इस ईश्वरीय शिक्षा का



उद्देश्य दिव्य गुणों को उभारना है ताकि हम लक्ष्मी और नारायण के समान बन सकें और ज्ञान, गुणों और शक्तियों के मामले में हमारे आध्यात्मिक पिता के समान बन सकें। बहन अर्चना ने कहा कि स्वयं में ज्ञान रत्न धारण कर रूप बसंत बनना है। ज्ञान रतन से विश्व की बादशाही लेनी है। परमात्मा की छत्र छाया के अंदर माया की छाया भी नहीं आ सकती। तुम बच्चों को भी कहते हो ज्ञान की बातों पर खूब विचार करो। स्नेह मेहनत को मनोरंजन में परिवर्तन कर देता है। अर्चना सुदेश ने कहा कि स्नेहा हर कर्म में निश्चित विजय दिलाता है। कोई की ग्लानि व पाप कर्म आदि कुछ भी न हो। कोई भी तुमको उलटा कर्म नहीं करना चाहिए। बाबा के बच्चों को अन्तर्मुख हो अपने को देखना है। योगबल से सब पापों को भस्म करना है। अर्चना बहन ने कहा कि ज्ञान का खूब विचार सागर मंथन करना है।

# महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में अंताक्षरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय के प्रांगण में अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिताएं कक्षाओं के विभिन्न वर्गो में करवाई गई। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि प्रतिभागी को अंताक्षरी में केवल भजन, दोहा, चौपाई अथवा श्लोक का गायन करने अथवा बोलने की ही अनुमति थी। दो-दो छात्राओं पर आधारित 9 -12 कक्षा वर्ग की आठ टीम, कक्षा 6 - 8 की छः टीम सहित कक्षा वर्ग 4 - 5 की पांच टीमों ने भारी उत्साह से भाग लिया। प्राचार्य राठोर ने बताया कि जब प्रतिभागी टीम भजन अथवा दोहों का



लयबद्ध गायन करती तो दर्शक छात्राओं की आडिएंस का सम्मिलित होकर सस्वर गायन करना खास समां बांध देता। अंताक्षरी की संचालक मंजुला शर्मा तथा स्कोरर की भूमिका मे मोनिका व आलिषा अरोड़ा रही। प्राचार्य राठोर ने आगे बताया कि 9-12 कक्षा वर्ग में मधु व दिया की जोडी प्रथम,सवरनआभा व राधिका द्वितीय तथा खुशप्रीत व सिमरन तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा वर्ग 6 से 8 में राजबीर व सोनम ने पहला, वंशिका व पुष्पा ने दूसरा तथा अंशिका व मन्नत ने तीसरा स्थान पाया। मौके पर ही प्राचार्य ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

**प्रतिभाग**

**अंताक्षरी में केवल भजन, दोहा, चौपाई अथवा श्लोक का गायन करने अथवा बोलने की ही अनुमति थी**

इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, सरिता शर्मा,डा संतोष शर्मा, ज्या वत्स,रेखा धीमान,रीटा योगी, ज्योति रानी, अनु पाहवा,सुमन धीमान,अनुप शर्मा,सीमा रानी,आलिषा अरोड़ा, मधु बाला, मुख्य शिक्षिका सुशीला देवी, अनिता वालिया, मोनिका माटा, मनप्रीत वर्मा, बिंदु व पिंकी रानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पांच प्यारो ने धर्मनगरी में शिरोमणि अकाली दल आजाद पार्टी के प्रधान का किया ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सिख समस्याओं के समाधान एवं गुरुद्वारा चुनाव लडने के लिए 28 नवंबर 2024 को गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथसर दादू साहिब सिरसा हरियाणा में सिख संगत प्रमुख सिख शखसियतों, संत महापुरुषों चिंतकों, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के वर्तमान पदाधिकारी एवं पूर्व मैंबर साहिबान द्वारा एक निरोल पंथक पार्टी शिरोमणि अकाली दल (अजाद) का ऐलान किया गया। पार्टी प्रधान के चयन हेतु सिख संगत, संत-महापुरुषों, शखसियतों से सुझाव लेकर ऐलान करने के लिए पंज प्यारों के रूप में पांच सिंघों,जत्थेदार सुखविंदर सिंह मंडेबर



यमुनानगर,जत्थेदार स्वर्ण सिंह रतिया फतेहाबाद,जत्थेदार मलकीत सिंह पन्नीवाला सिरसा,जत्थेदार उमराऊ सिंह छीना कैथल,जत्थेदार स्वर्ण सिंह बुंगा टिबी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिन्होंने सभी से समस्त राय एकत्रित करने के उपरांत १३ दिसंबर २०२४ को कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के दीवान हाल में धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की पावन हजूरी एवं भारी गिनती में एकत्रित हुई संगत की हाजरी में जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल जी को प्रधान घोषित किया।

**घोषणा**

**पूर्व मैंबर साहिबान द्वारा एक निरोल पंथक पार्टी शिरोमणि अकाली दल (अजाद) का ऐलान किया गया**

जब जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल का नाम बतौर पार्टी प्रधान घोषित किया गया तो दीवान हाल बोले सो निहाल सत्श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठा। तत्पश्चात सबसे पहले पंज प्यारों द्वारा जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को सिरोपा व श्री साहिब भेंट की गई। इसके बाद सिख शखसियतों, संत महापुरुषों, सिख संगत एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व समूह वर्तमान पदाधिकारी एवं पूर्व मैंबर साहिबान ने जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को सिरोपा भेंट किए। इससे पहले समागम की आरंभता पर भाई सूबा सिंह के हजूरी रागी जत्थे ने कीर्तन किया।

हरियाणा कमेटी के ढाडी जत्थों ज्ञानी सुखचैन सिंह शीतल एवं ज्ञानी सुखविंदर सिंह स्वतंत्र के जत्थे ने गुरु इतिहास संगत को श्रवण करवाया। हरियाणा कमेटी ने अपने नए बनने वाले मुखय कार्यालय की बहुमंजिला नई इमारत जत्थेदार करतार सिंह झबबर हाल का नींव पत्थर भी रखा।

# समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग करना चाहिए: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** सभी साधन सम्पन्न व्यक्तियों को समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग करना चाहिए ताकि समाज के हर गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। शहरी विधायक प्रमोद विज, सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता गजेन्द्र सलूजा, चांद भाटिया, प्रधान दशहरा कमेटी देवी मन्दिर नवल जिंदल, समाजसेवी चन्द्रशेखर शर्मा ने श्री राधा माधव कल्याण समिति (रजि०) द्वारा 14वें वार्षिकोत्सव यूनिफॉम वितरण समारोह जट्टू राम मैहता चौंक स्थित बिरादरी बारात घर में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर भाजपा तहसील मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया आदि



मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज ने अपने सम्बोधन में श्री राधा माधव कल्याण समिति (रजि०) द्वारा यूनिफॉम वितरण समारोह की भूरि-भूरि प्रशसा करते हुए कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है और हरियाणा इस भारतीय सभ्यता और संस्कृति की जन्म स्थली है। गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आहवान को श्री राधा माधव कल्याण समिति द्वारा सार्थक करते हुए गरीब परिवारों की बच्चियों को पढ़ाई में सहयोग करने हेतू समय-समय पर पुस्तकें एवं यूनिफार्म देकर सराहनीय कार्य रही है। इस अवसर पर मुख्यअतिथियों द्वारा 10 प्राईवेट स्कूलों के 150 गरीब छात्र-छात्राओं को यूनिफॉम वितरित की गई।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक चोर गिरफ्तार, नशे की लत पूरी करने के लिए दिया बाइक चोरी वारदात को अंजाम

**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )** एंटी व्हीकल थेप्ट प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर रजापुर गांव के नजदीक एसपीएन फैक्टरी के पास घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान विवेक पुत्र विपिन निवासी



वधावाराम कॉलोनी के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 1 नवम्बर को टीडीआई पुल के नीचे से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में आकाश पुत्र रामशरण निवासी अजगर रानीगंज यूपी हाल किरायेदार हरि नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए उसने बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### पहले शिक्षक की कार को मारी टक्कर फिर पीटे

**गोहाना:** शहर में सोनीपत रोड पर एक जेबीटी शिक्षक की कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी। शिक्षक ने दूसरी कार के चालक को समझाने की कोशिश की तो उससे मारपीट शुरू कर दी। अपने साथियों को बुलाकर भी उनको पीटा गया। शिक्षक को बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाकर दाखिल करवाया गया। शिक्षक कृष्ण चंद्र दोपहर को सोनीपत रोड पर गए थे। वहां उनकी कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी। बताया गया है कि दूसरी कार के चालक ने शराब पी रखी थी और उनसे बदतमीजी करने लगा। जब शिक्षक ने उसको समझाने का प्रयास किया तो उसे देख देने की धमकी दी। फोन करके अपने साथियों को बुलाया और शिक्षक से मारपीट की। वे जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे लेकिन हमलावर पीछा करके उससे मारपीट करते रहे। शिक्षक के साथी शिक्षक राजकुमार कार को भी नुकसान पहुंचाया। हमलावर भाग गए। शिक्षक को बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में सेंध लगाकर जेवर चोरी

**गोहाना :** शहर में गौतम नगर में चोरों ने घर में सेंध लगाकर जेवर चोरी कर लिए। मकान मालिक बच्चों के साथ अपने पिता के पास दूसरे मकान पर गया था। वह वापस आया तो सामान बिखरा मिला। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गौतम नगर के जगमेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार शाम को अपने बच्चों के साथ दूसरे मकान पर पिता के पास गया था। रात को सभी वहीं पर रुक गए। शुक्रवार को अपने घर आया तो ताला टूटा था और सामान बिखरा हुआ था। उसने अलमारी की जांच की तो सोने व चांदी के चार जेवर नहीं मिले। फोन करके बुलाया और गाड़ी में बैठाकर पीटा जासं, गोहाना: गांव खेड़ी दहिया का ग्रामीण किसी काम से गोहाना आया था। उसके पास जानकार ने फोन करके अपने पास बुलाया। वह गाड़ी में बैठाकर उसे अपने साथ ले गया। गांव रुखी पहुंचने पर दो लोगों ने उससे मारपीट की। नागरिक अस्पताल गोहाना से उसे बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। खेड़ी दहिया गांव के रामपाल ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से गोहाना आया था। उसके पास गांव रुखी के सोमबीर का फोन आया और उसे अपने पास बुलाया। वह उसे गाड़ी में बैठाकर गांव रुखी ले गया। वहां पर उसका भांजा मिला। गांव के बस स्टैंड पर पहुंचे तो वहां पर सोमवीर व कालू मिले, जिन्होंने उससे मारपीट की। उसे गांव लाठ के पास छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसको रेफर कर दिया।

# समालखा: अंग्रेजी नाटक मंचन का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**हरे कृष्णा** इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड़, समालखा में अंग्रेजी नाटक मंचन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केंद्र ह्यसंपत्ति के प्रति युवा पीढ़ी का बदलता हुआ स्वरूपह्ण, ह्यभारतीय आध्यात्मिकता एवं भारतीय संस्कृतिह्ण उप-विषय रहे। जिसके अंतर्गत बच्चों ने आज के बदलते हुए समय में भगवान श्री कृष्ण के प्रति समर्पण और प्रेम-भावना को वृंदावन की झांकी के माध्यम से दशार्या। इसके अलावा दसवीं कक्षा के छात्रों ने भी अपनी कक्षा से संबंधित फर्स्ट फ्लाइट (पहली उड़ान) के माध्यम से,



जिसमें एक बच्चे ने पक्षी का रूप बनकर दर्शकों को बहुत ही अच्छा संदेश दिया कि जीवन में संघर्ष करने वाले एवं आशावादी व्यक्तियों की कभी हार नहीं होती। जिसमें हर्षित, निशिका, इशांत, मुदित, अभिषेक, उत्कर्ष आदि बच्चों ने बहुत ही अच्छा मंचन किया। तत्पश्चात अंतिम प्रस्तुति के रूप में बच्चों ने प्राथमिक चिकित्सा और यातायात के नियमों का आज के समय में बदलता हुआ स्वरूप दशार्या गया कि यातायात के साधनों को सुरक्षित रूप से कैसे चलाया जाए। इसके लिए ग्यारहवीं कक्षा के नॉन-मेडिकल के विद्यार्थियों रितिक, अंजली, प्राची, याना, रुचि ने प्राथमिक चिकित्सा और यातायात के नियमों का पालन करते हुए एक लघु नाटिका के माध्यम से अपना संदेश दिया और यह दिखाया कि हम किस प्रकार किसी घायल व्यक्ति की थोड़ी-सी सहायता करके उसके जीवन को बचा सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा एवं प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों के शिक्षाप्रद एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं इनका नेतृत्व करने वाले अध्यापकों आशीष शर्मा, विनोद कुमार एवं ऊषा गर्ग के कार्य की सराहना की। उन्होंने समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करते रहने के बारे में कहा तथा प्रस्तुतिकर्ता विद्यार्थियों को प्रशंसनीय पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# धक्काशाही से चुनावी प्रक्रिया को रोका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: पानीपत** हसला कार्यकारिणी के शनिवार को आयोजित चुनाव में वोटिंग शुरू होते ही एक पक्ष ने चुनाव प्रक्रिया को रोकने के प्रयत्न शुरू कर दिए। इस पर अनेक हसला सदस्यों ने उनको टोकते हुए प्रजातंत्र, भाईचारे व शिक्षक समाज की प्रतिष्ठा की दुहाई देते हुए स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक तरीके से सुचारू रखने का आग्रह किया। हसला सदस्यों ने अपनी वोटिंग शुरू भी कर दी, लेकिन एक पक्ष के कुछ सदस्यों ने मत पेटियों को फेंकना शुरू कर दिया। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुँचा तो वोटिंग प्रक्रिया दोबारा शुरू हुई। लेकिन इसके कुछ देर बाद ही दोबारा से उसी पक्ष ने धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी जिस पर प्रशासन ने झगड़े की संभावना को देखते हुए आज की चुनाव प्रक्रिया को बीच में ही रोक दिया। इस पर जब वर्तमान कार्यकारी जिला प्रधान पानीपत अजेन्द्र कुण्डू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) की जिला इकाई पानीपत जिसमें लगभग 1200 लेक्चरर्स सदस्य सूची में पंजीकृत सदस्य हैं उनके द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना था लेकिन दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने तथ्यहीन आरोप लगाकर बार बार इस प्रजातांत्रिक प्रक्रिया को रोकना व मतपेटियों का फेंका।

# पुलिस की टीम नशा तस्कर नरेश व अनिल को गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम शर्मा**
हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रोहतक की टीम ने शनिवार को गांव खानपुर कलां से दो नशा तस्करों को 3.377 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान गांव खानपुर कलां के नरेश उर्फ गुदड़ी और दिल्ली में नजफगढ़ के अनिल के रूप में हुई। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज कियागया। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रोहतक के प्रभारी सुखपाल ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक संदीप पुलिस टीम के साथ गोहाना-गन्नौर मार्ग स्थित गांव गामड़ी के निकट मौजूद थे। सूचना मिली की गांव खानपुर का नरेश उर्फ गुदड़ी बाइक पर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर गांव खानपुर के निकट नजफगढ़ के अनिल को सप्लाई करने जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई। नरेश से 3.377 किलोग्राम चरस बरामद की गई। निरीक्षक सुखपाल ने कहा कि नशे की बिक्री, खपत या तस्करी के संबंध में एनसीबी के टोल फ्री नंबर 9050891508 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान उजागर नहीं होगी। आमजन के सहयोग से ही नशा मुक्त हरियाणा नशा मुक्त भारत बनाया जा सकता है।

# सूर्यवंशी ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: अखिल** भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा ने फतेहाबाद जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी औम प्रकाश चुघ की अनुशंसा एवं संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा के अनुमोदन पर सूर्यवंशी दीपक मिगलानी को उनकी संगठन के प्रति लग्न, मेहनत, समर्पण एवं कर्मठता को देखते हुए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पानीपत जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को जिला के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों तथा राष्ट्रीय नेतृत्व से विचार विमर्श करके पानीपत




जिला में चारों विधानसभाओं क्रमशः पानीपत ग्रामीण, पानीपत शहर, इसराना, समालखा में सामान्य, युवा एवं महिला विधानसभा कार्यकारिणियों के गठन करने की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गई। सूर्यवंशी दीपक मिगलानी उपरोक्त जिम्मेवारी के अलावा मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन की अवार्ड सिलेक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं महामाई सेवा समिति (रजि.) के महासचिव की जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी दीपक मिगलानी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा, राष्ट्रीय महासचिव सूर्यवंशी ज्योति कमल हांडा, सूर्यवंशी औम प्रकाश चुघ का आभार जताया और उन सबको विश्वास दिलाया कि जो भरोसा उन्होंने मुझ पर जताया है उस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा।

# अभिभावक आचार्य बैठक आयोजित की

**गोहाना :** गीता विद्या मंदिर गोहाना में शनिवार को अभिभावक आचार्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभिभावकों से विद्यार्थियों की दिनचर्या, लक्ष्य, पारिवारिक वातावरण, स्वाध्याय, सुलेख, खानपान संबंधित जानकारी ली। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि बच्चों की शैक्षिक प्रगति तभी अच्छे से हो पाएंगी जब स्कूल से जाने के बाद अभिभावक उनको पर्याप्त समय दें। प्राचार्य ने अभिभावकों से विद्यार्थियों के पठन-पाठन, आचरण, विद्यालय वेश एवं सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। प्राचार्य ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को मोबाइल का अधिक प्रयोग न करने दें। जब भी बच्चे मोबाइल का प्रयोग करें।

# तीन वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार जिला में नेशनल व स्टेट हाईवे पर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पानीपत यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है।
यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को थाना शहर व थाना समालखा क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 पर चेकिंग के दौरान लापरवाही व गलत लेन में वाहन चलाते पाए जाने पर 2 ट्रक व 1 केंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।



यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना को सुनिश्चित करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस की और से कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं। वाहन चालकों द्वारा लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने और सड़क पर बिना वजह खड़े वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। नेशनल व स्टेट हाईवे पर सड़क हादसों से होने वाले जानमाल के नुकसान को रोकने तथा यातायात नियमों की पालना करने को लेकर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि देखने में आता है कि हाईवे पर ज्यादातर हादसें भारी वाहनों की वजह से होते हैं। इन हादसों में काफी लोगों की जान चली जाती है और अनेक व्यक्ति अपाहिज भी हो जाते हैं। जिला में अब स्टेट व नेशनल हाइवें पर चलने वाले ट्रकों व अन्य भारी वाहनों को पूरी तरह बाईं ओर की तरफ निर्धारित लेन में चलना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**चालान**

**नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभियान जारी रहेगा**

# सतलोक आश्रम कमेटी जाट भवन में बनाएगी एक पूरी मंजिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम शर्मा**
**गांव** धनाना स्थित सतलोक आश्रम की कमेटी शनिवार को गोहाना के सेक्टर सात में तैयार हो रहे जाट भवन का निरीक्षण करने पहुंची। आश्रम की कमेटी ने जाट भवन में पूरी एक मंजिल को बनवाने की घोषणा की। पूरी मंजिल का नाम सतगुरु रामपाल के नाम से बनेगी। भवन की कमेटी ने आश्रम कमेटी का इस पर स्वागत किया। जाट भवन कमेटी द्वारा सेक्टर सात में बेसमेंट के अलावा छह मंजिल का जाट भवन तैयार करवाया जा रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कमेटी को भवन बनवाने के लिए रियायती दरों पर जमीन उपलब्ध करवाई थी। भवन के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे। सतगुरु रामपाल से आज्ञा लेकर सतलोक आश्रम की कमेटी संत वीरेंद्र पाल के नेतृत्व में जाट भवन का निरीक्षण करने पहुंची।

आश्रम की कमेटी ने निर्माणाधीन जाट भवन का निरीक्षण किया। भवन की कमेटी के सामने आश्रम कमेटी ने प्रस्ताव रखा कि यहां पर सतगुरु रामपाल के नाम से जाट भवन में पूरी एक मंजिल बना दी जाएगी। भवन कमेटी के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

# सत्यम स्कूल के छात्रों ने ब्रह्म-सरोवर का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जलालपुर** प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने कुरुक्षेत्र में चल रही गीता जयंती महोत्सव का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन विद्यालय निर्देशिका पूजा शर्मा के द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को यात्रा के दौरान बताया कि कुरुक्षेत्र एक ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी है, जिसे वेदों और वैदिक संस्कृति के साथ जुड़े होने के कारण सभी देशों में श्रद्धा के साथ देखा जाता है। यह वह भूमि है जिस पर महाभारत की लड़ाई लड़ी गई थी



और भगवान कृष्ण ने अर्जुन को ज्योतिसर में गीता का ज्ञान दिया था। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार कुरुक्षेत्र 48 कोस में फैला एक विशाल क्षेत्र है, जिसमें कई तीर्थ स्थान, मंदिर और पवित्र तालाब शामिल हैं। विद्यार्थियों ने सबसे पहले ब्रह्मसरोवर के दर्शन किये और वहां पर लगी विभिन्न दुकानों और प्रदर्शनियों को बढ़े उत्साहपूर्वक देखा और खरीदारी भी की। विज्ञान केन्द्र,श्री कृष्ण संग्राहल,यज्योतिसर मंदिर, गीता पर आधारित लाईट एंड साऊड शों,हरियाणा धरोहर सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।

# लाडवा के विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि के अंदर पूरा करना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. साकेत कुमार ने कहा कि लाडवा विधानसभा के विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि के अंदर पूरा करना होगा। इस हल्का में जितने भी विकास कार्य चल रहे है, उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष फोकस रखना होगा। अगर किसी भी स्तर पर कोई कमियां है, तो उसे जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। इसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा।
अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. साकेत कुमार लाडवा हल्का के विकास कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्रों



का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले अतिरिक्त प्रधान सचिव ने लाडवा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी के साथ-साथ एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम पंकज सेतिया, जिला परिषद के सीईओ अशोक कुमार मुंजाल, तहसीलदार नवन धामिया, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, मार्किट कमेटी के सचिव संत कुमार के साथ-साथ अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. साकेत कुमार ने लाडवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु अस्पताल, तहसील, बीडीपीओ कार्यालय, मथाना सीएचसी सेंटर, खाद बिक्री केंद्र लाडवा, बिहोली में निमार्णाधीन वेटनरी पॉलीक्लीनिक सहित अन्य सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करने तथा अधिकारियों से फीडबै लेने के उपरांत कहा कि लाडवा हल्का में लोगों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इस हल्का के कार्यालयों में पर्याप्त सुविधाएं भी होनी चाहिए। अगर किसी भी स्तर पर कोई कमी है तो उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लाडवा हल्का में विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी और जिन-जिन कार्यालयों में खामी है, उसे जल्द दुरुस्त भी किया जाएगा। एपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। इस हल्का में छोटी और बड़ी योजनाओं-परियोजनाओं की संभावनाओं की भी तलाश की जा रही है।

**विशेष फोकस**

**इस हल्का में जितने भी विकास कार्य चल रहे है, उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष फोकस रखना होगा**

## न्यूज फ्लैश

### हैरोइन तस्करी मामले में आरोपी हर्ष गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र खुखरैन भवन अम्बाला छावनी के पास से नशा तस्करी के मामले में 13 दिसम्बर 2024 को एन्टी नारकौटिक सैल अम्बाला ने निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी हर्ष निवासी इन्द्रा कालोनी अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 15 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज करके माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 13 दिसम्बर 2024 को एएनसी अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है, जो आज इन्द्रा कालोनी अम्बाला छावनी से महेशनगर की तरफ मादक पदार्थ बेचने के लिए जाएगा। आरोपी को खुखरैन भवन अम्बाला छावनी के पास से काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त एएनसी अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र खुखरैन भवन अम्बाला छावनी के पास नाकाबंदी की और नाकाबंदी के दौरान मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध को काबू कर विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 15 ग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान हर्ष निवासी इन्द्रा कालोनी अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त मादक पदार्थ व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

### स्मार्ट खेती करेंगे किसान, डिवाइस बता देगा मिट्टी को कितना पोषण चाहिए



**समालखा :** किसान अगर स्मार्ट खेती करेंगे तो उन्हें मिट्टी के पोषक तत्वों के बारे में जानने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। दो मिनट में उन्हें पता चल सकता है कि जमीन को कितनी खादी चाहिए। किस माध्यम से फसल को बढ़ाया जा सकता है। तमिल नाडु के कलासलिंगम एकेडमी ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन के छात्र-छात्राओं की एजाइल एवेंजर्स टीम ने मोबाइल फोन जितना डिवाइस बनाया है। इसके माध्यम से किसान को अपनी मिट्टी के बारे में प्रत्येक छोटी से छोटी जानकारी हो जाएगी। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण में छात्रों ने यह प्रोजेक्ट बनाया है।

# श्रद्धालुओं ने ऑनलाईन प्रणाली से देखा गीता महोत्सव

## पहली बार जन सम्पर्क विभाग के प्रयासों से तीर्थ स्थलों पर पहुंचा प्रचार रथ

**पहल**

**▶▶ तीर्थ स्थलों पर महोत्सव के 5 दिसम्बर से 11 दिसंबर के कार्यक्रमों को ऑनलाइन प्रणाली से दिखाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार देश के पांच प्रमुख स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रमों का लाईव प्रसारण करने के प्रबंध किए गए। इन सभी तीर्थ स्थलों पर महोत्सव के 5 दिसम्बर से 11 दिसंबर के कार्यक्रमों को ऑनलाइन प्रणाली से दिखाया गया। इसके लिए सूचना जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग ने महोत्सव को तीर्थ स्थलों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का जिम्मा लिया। यह प्रयास सफल रहें और तीर्थ स्थलों पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इन प्रयासों की प्रशंसा की हैं।
उपायुक्त नेहा सिंह ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने देश ही नहीं पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं। इस महोत्सव के साथ हर श्रद्धालु जुड़ने के लिए उत्सुक रहता हैं। इस महोत्सव को देखने के लिए लाखों श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से कुरुक्षेत्र की धरा पर पहुंचते है और करोड़ों श्रद्धालु ऑनलाईन प्रणाली जिसमें वेबसाइट, टि्वटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक इत्यादि शामिल हैं, से जुड़े हुए हैं। इतना ही नहीं इस वर्ष सूचना जनसम्पर्क विभाग की तरफ से एक नई पहल करते हुए पांच प्रचार रथों को प्रथम को श्री जगन्नाथ मंदिर ओडिशा, श्री बांके बिहारी वृंदावन उत्तर प्रदेश, कृष्ण जन्मभूमि टेम्पल मथूरा, द्वारकाधीश टेम्पल गुजरात,टिकाना मंदिर श्री गोविन्द देव जी जयपुर राजस्थान तीर्थ स्थलों पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इन प्रचार रथों पर बड़ी एलईडी के साथ-साथ इंटरनेट आदि की व्यवस्था की गई थी। इन सभी एलईडी पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के वैश्विक गीता पाठ रोजाना, ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग कुरुक्षेत्र की महाआरती, मुख्य मंच के सांस्कृतिक कार्यक्रम, ओडिशा पवेलियन, हरियाणा पवेलियन के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गीता सेमिनार, 48 कोस तीर्थ सम्मेलन, अखिल भारतीय देव स्थानम सम्मेलन, दीपदान, दीपोत्सव आदि को दिखाया गया। इन कार्यक्रमों को तीर्थ स्थलों पर दिखाने के लिए ऑनलाईन लाईव ड्रुषलक तैयार किया गया। इस लिंक के माध्यम से सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के श्रद्धालुओं के महोत्सव के कार्यक्रमों का आनंद लिया।
महानिदेशक के आदेशानुसार देश के प्रमुख पांच तीर्थ स्थलों पर लगाई आईपीआरओ की डयूटी
सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार देश के प्रमुख पांच तीर्थ स्थलों पर पांच आईपीआरओ की डयूटी लगाई गई। इन सभी तीर्थों पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तमाम कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया । इन आदेशों के अनुसार नूह के एआईपीआरओ अशोक राठी की श्री जगन्नाथ टेम्पल ओडिशा, आईपीआरओ कुलदीप बांगड की श्री बांके बिहारी वृंदावन उत्तर प्रदेश व श्री कृष्ण जन्मभूमि टेम्पल मथूरा, आईपीआरओ कृष्ण कुमार आर्य की द्वरिकाधीश टेम्पल गुजरात, प्रेस कंस्लटेंन्ट निखील की श्री महाकालेश्वर टेम्पल उज्जैन मध्य प्रदेश व आईपीआरओ कृष्ण कुमार की टिकाना मंन्दिर श्री गोविन्द देव जी जयपुर राजस्थान में डयूटी लगाई गई।

## खरखौदा में महिला से 70 लाख रुपये की ठगी




**फर्जीवाड़ा**

**▶▶ महिला की शिकायत के आधार पर फरमाणा चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**मामला** जिला सोनीपत के उपमंडल खरखौदा के निजामपुर माजरा गांव की रहने वाली विधवा कमलेश ने बिचपड़ी गांव की युवती अनु और उसके साथियों पर 70 लाख रुपये की ठगी, अपहरण और मारपीट का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के आधार पर फरमाणा चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आपको बता दे कि मिली जानकारी के अनुसार कमलेश, जो खानपुर विश्वविद्यालय में एम एड की पढ़ाई कर रही है, ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसकी सहपाठी अनु ने अमेरिका में नौकरी दिलाने का सपना दिखाया। इस आधार पर उससे 20 लाख रुपये लिए गए और फर्जी पासपोर्ट से अमेरिका भेजने की कोशिश की गई। इसके बाद गौर ब्राह्मण कॉलेज, रोहतक में नौकरी दिलाने के नाम पर भी उससे 20 लाख रुपये ऐंठे गए। कमलेश का आरोप है कि कुल 70 लाख रुपये लेने के बाद भी उसका कोई काम नहीं हुआ। पैसे वापस मांगने पर अनु ने अपने जीजा और अन्य साथियों के साथ उसे गाड़ी में बैठाकर अपहरण किया और गोहाना ले जाकर मारपीट की।

## स्कूल शिक्षिका के साथ सहकर्मी शिक्षिका ने की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़ी में कार्यरत संस्कृत की शिक्षिका गीता शर्मा ने अपनी सहकर्मी शिक्षिका पर गाली-गलौज, मारपीट, और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। गीता शर्मा के अनुसार शुक्रवार को वह स्कूल में ड्यूटी पर आई। सुबह करीब साढ़े दस बजे स्कूल की हिंदी की शिक्षिका कांता उनके पास आईं और उन्हें गालियां देते हुए छात्रों और अभिभावकों की वीडियो बनाने लगी। जब उन्होंने शिक्षिका कांता का विरोध किया, तो कांता ने उन्हें धमकियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिस पर गीता ने शोर मचाया तो अन्य शिक्षकों ने मौके पर आकर उन्हें छुड़ाया। गीता का आरोप है कि कांता ने धमकी दी कि स्कूल से बाहर निकलने पर उन्हें कार से कुचल कर जान से मार देगी। जिसके बाद घटना की सूचना 1091 पर भी पुलिस को दी गई। अब उन्होंने गन्नौर के सामुदायिक अस्पताल में मेडिकल करवा कर शिक्षिका कांता शर्मा शर्मा के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि थाना में शिक्षिका गीता शर्मा की तरफ से शिकायत प्राप्त हुई है।

## कार्यक्रम में राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

**भूमिका**

**▶▶ भाग लेने वाले बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए निर्णायक मंडली ने बहुत महत्वपूर्ण एवं भूमिका निभाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** गत दिवस राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेव नगर में डीपीसी समग्र शिक्षा,अंबाला सुधीर कालड़ा के निदेर्शानुसार जिला स्तरीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिला अंबाला के कक्षा 6 से 12 के कुल 127 बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए निर्णायक मंडली ने बहुत महत्वपूर्ण एवं सटीक भूमिका निभाई । जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालरा के दिशा निर्देशन में सहायक परियोजना समन्वयक पूजा शर्मा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य वीना भगानिया की कुशल देखरेख में यह कार्यक्रम सफल रूप से संचालित हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालरा ने शिरकत की। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्होंने बच्चों और उनके साथ आए अध्यापकों की सराहना की । अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि जो बच्चे मंच से नहीं डरते वे जीवन में आगे चलकर अवश्य सफल होते हैं । इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों में आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है एवं प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ उनमें आगे बढ़ने का नया जोश उत्पन्न होता है।
प्रतियोगिता के परिणाम कुछ इस प्रकार रहे कक्षा 9 से 12 में समूह गायन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर, समूह नृत्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा 6 से 8 श्रेणी में दृश्य कला में पीएम श्री विद्यालय साहा के अभिषेक तथा राजकीय उच्च विद्यालय टूंडला की श्वेता प्रथम रही।
गायन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर से सहजप्रीत तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलबेरा की श्रिया प्रथम रही।

## प्रधान जगतार के नेतृत्व में विधिवत रूप से किया कार्यग्रहण



**जिम्मेदारी**

**▶▶ गत दिनों धन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव हुआ था जिसका कार्यकाल 3 वर्ष का होता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी ने विधिवत रूप से किया कार्यग्रहण। गत दिनों धन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव हुआ था जिसका कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। रिटर्निंग अधिकारी कर्नल राजकुमार मलिक ने चुनाव का समस्त कार्य बेहतरीन तरीके से निपटाया। जगतार सिंह काजल का पैनल धन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट के लिए विजयी घोषित हुआ जिसमें प्रधान पद के लिए जगतार सिंह काजल, महासचिव पद के लिए सूरजभान किरमच, उप प्रधान पद के लिए टेक चंद, सह सचिव पद के लिए बलदेव सिंह , कोषाध्यक्ष पद के लिए दलबीर सिंह ढाण्डा चुने गए। चुनाव होने उपरांत धन्ना भगत पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी में कुछ मनोनीत सदस्यों को भी शामिल किया गया जिसमें ईश्वर पूजम, सुरेश कुमार, विशाल खुब्बड, रणधीर सिंह नैन शामिल हैं। जिला रजिस्ट्रार से अप्रूवल आने उपरांत आज धन्ना भगत पब्लिक स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगतार सिंह काजल के नेतृत्व में कमेटी के सभी सदस्यों ने विधिवत रूप से स्कूल का कार्य भार संभाल लिया है। प्रधान जगतार सिंह काजल सहित सभी सदस्यों ने आज संकल्प लिया है कि उन्हें जो जाट समाज ने धन्ना भगत पब्लिक स्कूल को बुलंदियों पर पहुंचाने की जिम्मेवारी दी है उसे सभी सदस्य बखूबी निभाएंगे।

## सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ सकता है भारी: वरुण सिंगला



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने कहा कि जहां अवैध असला रखना कानूनन अपराध है वहीं रुतबा दिखाने के लिए लाईसेंसशुदा हथियारों के साथ सोशल साईट्स फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर पर फोटो टैग करना भी भारी पड सकता है । पुलिस ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करेगी और इसके साथ ही उसके शस्त्र लाइसेंस को रद्द करवाने की कार्रवाई भी शुरू होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर हथियारों का प्रदर्शन करना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि शिकायत होने पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वालों को तीन साल तक जेल की सलाखों के पीछे रहना पड़ सकता है और भारी भरकम जुमार्ना भी अदा करना पड सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हथियार भले ही लाइसेंसी हो लेकिन उसका सार्वजनिक प्रदर्शन पूरी तरह से गैर कानूनी है। ऐसा करना असला लाइसेंस जारी करने के लिए तय शर्तों के उल्लंघन एवं असले के दुरुपयोग की परिधि में आता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पूरी तरह से सार्वजनिक मंच है। लिहाजा वहां हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करना सार्वजनिक प्रदर्शन के दायरे में आता है। ऐसा करने वाले के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान है।

## दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**हिसार।** शहर के पुरानी सब्जी मंडी के पास ओवरब्रिज के साथ लगती मनोज गिफ्ट गैलरी, स्टेशनरी एंड जनरल स्टोर में शनिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। राहगीरों की इसकी सूचना दुकान के मालिक व दमकल विभाग को दी। आग इतनी अधिक भीषण थी कि एक के बाद एक दमकल 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सुबह के समय ओवरब्रिज पर आवागमन बंद कर दिया गया है। बताया जाता हैं कि शॉर्ट सर्किट के चलते तीन मंजिला दुकान में आग लगी है।

## महोत्सव के लम्हों को आत्मसात कर रहे लाखों तीर्थ यात्री



**खरीददारी**

**▶▶ सांस्कृतिक कला केंद्र के शिल्प मेले और डीआरडीए के सरस मेले में जमकर खरीददारी की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के कोने-कोने से यादगार लम्हों को आत्मसात करने के लिए लाखों तीर्थ यात्री ब्रहमसरोवर पर पहुंचे। इस महोत्सव में तीर्थ यात्रियों ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र के शिल्प मेले और डीआरडीए के सरस मेले में जमकर खरीददारी की है। अहम पहलू यह है कि इन यात्रियों ने ब्रह्मसरोवर के घाटों पर हरियाणा कला परिषद की तरफ से चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया और पर्यटकों को विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रूबरू होने का अवसर भी मिला।
अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में शनिवार को छुट्टी होने के कारण हरियाणा ही नहीं देश के अन्य राज्यों से तीर्थ यात्री सुबह से ही ब्रह्मसरोवर पर शिल्प और सरस मेले में पहुंचने शुरू हो गए थे। इस शिल्प और सरस मेले में एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित 200 शिल्पकारों, डीआरडीए की तरफ से सरस मेले में 19 राज्यों, हरियाणा के सभी जिलों से भी सेल्फ हेल्प ग्रुप और शिल्पकारों की शिल्पकला को पर्यटकों ने निहारा और जमकर खरीददारी भी की। इतना ही नहीं तीर्थ यात्रियों ने ताऊ बलजीत की गोहाना जलेबी, राजस्थान का चुरमा तथा अन्य पकवानों का बड़े चाव से स्वाद भी चखा।कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के कोने-कोने से आने वाले तीर्थ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए।

## 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के लिए चला अभियान



**हस्ताक्षर**

**▶▶ 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने के लिए समर्थन जुटाने के उद्धेश्य से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र :** अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में, नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने के लिए समर्थन जुटाने के उद्धेश्य से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस हस्ताक्षर अभियान में लोग हस्ताक्षर कर राष्ट्रीय ध्वज दिवस के लिए अपना समर्थन दे रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन पैवेलियन में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में कराऐ जाने वाले कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस पैवेलियन में लोग शिरकत कर सांसद नवीन जिन्दल के द्वारा कराए जाने वाले जनकल्याण के कार्यों का अवलोकन कर रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज दिवस के समर्थन में लोग बढ़-चढ़ कर हस्ताक्षर अभियान में भाग ले रहे हैं। पैवेलियन में आकर लोग इस अभियान के बारे में जानकारी लेकर हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। राष्ट्रीय ध्वज दिवस के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा बनने वाले हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल टीम के विकास शर्मा ने बताया कि मैंने आज इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर अपने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपने सम्मान और गर्व को व्यक्त किया है। यह तिरंगा हमारे देश की आजादी, एकता और बलिदान का प्रतीक है यह हमें यह याद दिलाता है कि हम एक स्वतंत्र देश के नागरिक हैं। राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने का यह कदम हमारे युवाओं और बच्चों को अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का पाठ पढाने का एक नया प्रयास है। मुझे गर्व है कि मैं सांसद नवीन जिन्दल के इस अभियान का हिस्सा बन सका। इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य डॉ. राज कुमार ने बताया कि सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल की पहल पर राष्ट्रीय ध्वज दिवस के लिए यह हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले, सांसद नवीन जिन्दल ने एक लम्बी कानूनी लड़ाई लड़कर, प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिलाया है। उच्चतम न्यायालय ने 23 जनवरी 2004 को यह अधिकार प्रदान किया था। 23 जनवरी को ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन होता है। इसलिए यह दिन और भी गौरवशाली हो जाता है। इसीलिए सांसद नवीन जिन्दल ने 23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने के लिए जनसमर्थन जुटाने का अभियान आरंभ किया है। उन्होंने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान में लोग भाग ले रहे है।

## बिजली के चाक पर बने मिट्टी के बर्तनों से सजा ब्रहमसरोवर का पावन तट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र ,:** महोत्सव में आने वाले शिल्पकार अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करके महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए स्वरोजगार प्रेरक बन रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर अपने मिट्टी के बर्तनों को बेच ही नही रहे हैं बल्कि दूसरों को मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाकर इस कला में पारखी बना रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आए इन शिल्पकारों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी काम है। उनके परिवार के अन्य सदस्य भी यही काम करते आए हैं, लेकिन उन्होंने आधुनिकीकरण के इस जमाने में और प्रतियोगिताओं के दौर में अपने बर्तनों को नया रूप देते हुए इन्हें आज के बाजार में उतारा है। यही नहीं इस कला में वह दूसरों को भी अवगत करा रहे हैं और कोई भी इनके पास मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीख सकता है। यह शिल्पकार विगत कई साल से ब्रह्मसरोवर के तट पर अपने बर्तनों की प्रदर्शनी लगाकर इन्हें सेल भी कर रहे हैं।
वह अपने पास मिट्टी की तस्वीरों के साथ-साथ मिट्टी के मुखौटे, तुलसी गमले, रिंग बेल फ्लावर पॉट, वॉटर बॉल इत्यादि रखे हुए हैं।

# निगम पार्षद अजीत यादव ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भलस्वा** वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम पार्षद अजीत यादव ने वार्ड-17 भलस्वा के अंतर्गत आने वाले भलस्वा गांव से लेकर मेट्रो अर्पमिंट के सामने वाली झुग्गी तक बन रही नई सड़क का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने इस कार्य के लिए निगम पार्षद का धन्यवाद किया और कहा कि निगम पार्षद अजीत यादव वादे के पक्के है, जो वादे निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र की जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखा रहे है। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव को क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया। पार्षद ने जनता की समस्याओं को ध्यान से सुना और कहा कि आपकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसे सुनकर जनता की समस्याओं का उचित समाधान कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



संगम पार्क के ए ब्लॉक में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी। साथ में अशोक गोयल देवराहा, राज खुराना व अन्य।

# विनोद सहरावत की अध्यक्षता में किसान मोर्चा की चुनाव व्यवस्था बैठक सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत की अध्यक्षता में आज प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक हुई। जिसमें प्रदेश सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बड़ी की संख्या में आए हुए किसान प्रतिनिधियों को संबोधित किया।



इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा एवं संयुक्त मोर्चों के प्रभारी सुमित भसीन उपस्थित थे। बैठक में मोर्चा प्रभारी राजकुमार बल्लन, सह प्रभारी प्रवेश शर्मा, महामंत्री अरुण चौधरी, राजपाल राणा और वेदपाल मान उपस्थित थे। डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि धारा 74/4 के तहत भूमिहीनों को कृषि करने के लिए जो भूमी दी गई थी, उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। इतना ही नहीं अरविंद केजरीवाल सरकार की कमियों को घर-घर तक पहुंचाने में इस बार किसान भाईयों का भी एक अहम रोल है क्योंकि वे लोग केजरीवाल सरकार द्वारा सताए हुए और उन्हें हर सुविधा से दूर रखा गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में साहिब सिंह वर्मा के बाद किसानों के हित में काम नहीं किया गया, लेकिन भाजपा इस बार सरकार में आते ही किसानों को उनका हक दिलाकर रहेगी। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा की दिल्ली में सरकार बनने के बाद दिल्ली देहात के गांवों का विकास होगा, सड़कों की बेहतर मरम्मत होगी, किसानों को बिजली सरल तरीके से दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को ट्रैक्टर की खरीद पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्र की खरीद पर विशेष रुप से सब्सिडी का प्रावधान किया जाएगा। श्री सचदेवा ने कहा कि गांवों की आबादी में हाई टेंशन तारों की समस्या है जिसका समाधान किया जायेगा। दिल्ली देहात के किसानों को अभी तक केजरीवाल सरकार ने किसान का दर्जा नहीं दिया है, इसलिए भाजपा की सरकार बनते ही पहले किसानों को उनका दर्जा दिया जाएगा और जो अधिकार केजरीवाल सरकार ने उन्हें नहीं दिए हैं, उसे हम सुनिश्चित करेंगे। विनोद सहरावत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर किसान मोर्चा आज से दिल्ली देहात के सभी गांवों में ग्राम चौपाल अभियान की शुरूआत की जिसमें गांवों ट्रैक्टर पूजा, गौ पूजा और 26 साल तक दिल्ली के किसानों और ग्रामिणों के साथ जो नाइंसाफी की गई है।

# निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 350 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के गोकलपुरी स्थित कम्युनिटी वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में प्रतिष्ठा युवा संगठन और महावीर इंटरनेशनल दिल्ली द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 350 से अधिक महिलाओं, युवतियों और स्थानीय लोगों ने नेत्र, सामान्य स्वास्थ्य, खून की जांच और बीपी, शुगर जांच करवाई। वहीं 100 महिलाओं को खासकर स्वयं सहायता समूह और गरीब जरूरतमंद महिलाओं को हाइजिन और न्यूट्रिशन किट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि







प्रवीण कुमार थानाध्यक्ष गोकलपुरी, सुभाष शर्मा सामाजसेवी, मोहित कुमार भारतीय संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिष्ठा युवा संगठन, महेश कुमार, कपिल शर्मा, नरेश गुप्ता महासचिव रमन गोस्वामी, अरविन्द कुमार जिला अध्यक्ष गाजियाबाद, भावना अवस्थी जिला महासचिव, वन्दना शर्मा, अजय नेगी, मुरारी झा एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मोहित कुमार भारतीय ने बताया कि इस स्वास्थ जांच कार्यक्रम को करने का उद्देश्य अस्पताल आपके द्वारा अभियान के अंतर्गत लोगों को उनके घर के आस-पास ही सुविधा उपलब्ध करवाना था जिसके माध्यम से जो व्यक्ति अस्पताल नहीं जा पाते हैं या किसी कारणवश किसी बीमारी से ग्रस्त हैं उनके आस-पास ही इलाज मिल सके यह कार्यक्रम करने का उद्देश्य रहा। जिसके लिए संगठन द्वारा घर-घर जाकर पेंपलेट भी वितरित किए। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने प्रतिष्ठा युवा संगठन और महावीर इंटरनेशनल दिल्ली की सराहना करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि समाज में ऐसी संस्थाएं भी हैं जो समाज के लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच के साथ उनकी समस्याओं के समाधान का कार्य कर रहे हैं। मैं आयोजनकर्ता के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। संगठन द्वारा मुख्य अतिथि को माला, शाल और पटका और गणमान्य अतिथियों को माला पटका पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सहयोग बायोसिटी हेल्थकेयर पैथ लैब, युग सृजन, नीड मीडिया हब, सजल भार्गव, जितेन्द्र कुमार, पलक अलीशा, अंशिका जैन, आशीष जैन निधि, ऋषि, दिल्ली पुलिस के अनिल और अमित एवं निवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## श्रीनिवासन ने मनोज तिवारी के आवास पर लगाई नेम प्लेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा** ने शनिवार को नेम प्लेट लगाने के अभियान को जारी रखते हुए कई भाजपा नेताओं के घरों के बाहर नेम प्लेट लगाई। इस अभियान के पांचवे दिन 'बूथ सशक्तिकरण विभाग' के अंतर्गत महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने 24, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग स्थित सांसद मनोज तिवारी के आवास पर नेम प्लेट लगाई और झंडा फहराया। इसके साथ उन्होंने वसंत विहार स्थित प्रदेश प्रवक्ता न्योमा गुप्ता के घर पर नाम प्लेट लगाई और पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर वानथी श्रीनिवासन ने कहा कि दिल्ली में लगातार लोगों के बीच जाना हो रहा है, दिल्ली के लोगों का मूड पूरी तरह अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार को लेकर त्रस्त है और दिल्ली की जनता इस बार परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने जा रही है। भाजपा के सरकार में आते ही दिल्ली में विकास कार्य, जो पिछले 10 सालों से ठप पड़े हुए हैं, वह शुरू होंगे। मनोज तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के घर के बाहर नेम प्लेट लगना, यह भाजपा का एक बहुत बेहतरीन अभियान है। पार्टी के छोटे कार्यकर्ताओं के घर पर भी नेम प्लेट का लगाना उसका गौरव बढ़ाने जैसा अभियान है।

## झूठे वादे करके जनता को भ्रमित न करें आपः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता का भरोसा भाजपा और आम आदमी पार्टी के उपर से उठ चुका है, यही कारण है कि दिल्ली में अपनी जमीन खिसकती देख अरविन्द केजरीवाल गृहमंत्री को पत्र लिख रहे है और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष पंजाब के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिल्ली की जनता की सहानूभुति लेने के लिए एक दूसरे के साथ नूरा कुश्ती कर रहे है। श्री यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी चाहे दिल्ली हो या पंजाब कहीं भी महिलाओं को वो सम्मान दे ही नही पाई जो उन्हें कांग्रेस ने दिल्ली और देश में दिया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मार्च 2024 में महिलाओं को 1000 रुपये देने में विफल



केजरीवाल ने चुनावी दौर में भ्रमित करने के लिए 2100 रुपये देने की घोषणा कर दी जबकि उन्होंने नवम्बर 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था, उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। शायद केजरीवाल रेवड़ियां सिर्फ दस्तावेजों में ही बांट रहे है। आज कहीं कोई जानकारी नही कि पंजाब में 18 वर्ष पूरी कर चुकी कितनी महिलाओं को 1000 रुपये की अनुदान राशि दी जा रही है? क्योंकि महिलाओं के लिए दिल्ली और पंजाब दोनो राज्यों में केजरीवाल की कोई घोषणा को सही प्रारुप में लागू ही नहीं किया गया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि महिलाओं 1000 देने हेतू पंजाब सरकार द्वारा 23-24 के बजट में 1200 करोड़ का बजट जरुर प्रस्तावित किया गया था, परंतु यह अनुदान मिल रहा है इसकी किसी के पास कोई जानकारी नही? उन्होंने कहा कि पंजाब की 5 गारंटी में महिलाओं को 1000 देने की गारंटी पंजाब से नदारद है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले के भ्रष्टाचार का पाप धोने के लिए अरविन्द केजरीवाल महिलाओं को 2100 रुपये का चुनावी दाव खेलकर असफल कोशिश कर रहे है, क्योंकि बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त महिलाओं पिछले 11 वर्षो से दिल्ली सरकार की अनदेखी झेल रही है। देवन्द्र यादव ने कहा कि महिलाओं को 2100 रुपये की घोषणा करके चुनावी दाव खेलने वाली आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आते ही शीला दीक्षित सरकार द्वारा लागू लाडली योजना को ठंडे बस्ते में डालकर लगभग बंद कर दिया।

महिला अनुपात को स्थिर बनाने, बालिका के जन्म में वृद्धि दर को प्रोत्साहन, शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने, उच्च शिक्षा की सुरक्षा और कक्षा दर कक्षा लाडलीं योजना के तहत खाते में सरकार द्वारा राशि डालकर उसके व्यस्क होने पर अथवा 12वीं पास होने पर एक लाख रुपये राशि कांग्रेस दिल्ली में छात्राओं को देती थी।

## केजरीवाल के भ्रष्टाचार की कहानी सुनाने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित

**नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा** नेताओं ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से दिल्ली की स्थानीय समस्याओं के साथ केजरीवाल के भ्रष्टाचारों की कहानी को हर घर तक पहुंचाया। शनिवार को नुक्कड़ सभाओं की अगुवाई दुष्यंत गौतम, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, विजय गोयल ने की और लोगों को संबोधित किया। दिल्ली भाजपा द्वारा आज आयोजित विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं में मुख्य रूप से भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने पहाड़गंज मंडल में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने लाजपत नगर में, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने हौज खास मालवीय नगर में, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने तिमारपुर मंडल में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। भाजपा नेता नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से दिल्ली सरकार के 10 साल के भ्रष्टाचार को दिल्ली की जनता तक ले जा रहे हैं, जिसमें नुक्कड़ सभा भी एक मजबूत माध्यम बन रहा है। इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनता से एक फॉर्म भरवाया जा रहा है, जिसमें स्थानीय जनता अरविंद केजरीवाल और उनके विधायकों के खिलाफ शिकायतें दर्ज कर रही है। इन्हीं समस्याओं को भाजपा दिल्ली की जनता की आवाज बनकर उठा रही है।

## मुकेश गोयल को आप प्रत्याशी बनाये जाने पर डडवाल ने आलाकमान का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः आम आदमी** पार्टी चांदनी चौक लोकसभा खेल विंग के उपाध्यक्ष दीपक डडवाल ने आदर्श नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी का मुकेश गोयल को प्रत्याशी बनाये जाने पर पार्टी आलाकमान का धन्यवाद किया और कहा कि मैं मुकेश गोयल को प्रत्याशी बनाये जाने पर बधाई देता हूं।

श्री डडवाल ने कहा कि मुकेश गोयल बड़े ही सुलझे हुए व्यक्ति है और सभी से सुख-दुख में साथ रहने वाले व्यक्ति है। आदर्श नगर वार्ड को मुकेश



गोयल ने चमकाने का कार्य किया है। यही कारण है कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र का उम्मीदवार बनाया है। दीपक डडवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल भारी मतो से विजयी होगें। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह पूरे करके दिखाये है। जिस कारण से दिल्ली की जनता आप राज से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में शिक्षा, परिवहन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी ज्यादा सुधार हुआ है। यही कारण है कि दिल्ली में फिर आम आदमी पार्टी का परचम लहरायेगा। क्योंकि जनता आम आदमी पार्टी के राज से काफी ज्यादा खुश है।

## भाजपा नेता रविवार को झुग्गी क्लस्टरों में करेंगे रात्रि प्रवास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली** भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विष्णु मित्तल ने आज घोषणा की कि पार्टी के झुग्गी विस्तार अभियान के अंतर्गत दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता 15 दिसम्बर को झुग्गी क्लस्टरों में रात्रि प्रवास करेंगे।

दिल्ली में आज भाजपा कार्यकर्ता लगभग एक हजार झुग्गी क्लस्टरों में प्रवास करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक और निगम पार्षद भी प्रवास करेंगे।

## भाजपा के कार्यों से खुश है लोगः नितिन गोयल





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः जिला** केशवपुरम भाजपा के कार्यालय मंत्री नितिन गोयल ने बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के जी ब्लॉक सहित कई इलाको में नुक्कड़ सभा में जाना हुआ और वहां पर लोगों को केजरीवाल की दमनकारी नीतियों से अवगत कराया गया। जनता को बताया गया कि किस प्रकार आम आदमी पार्टी आपको गुमराह कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी वैसे तो कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन जल बोर्ड का पानी गंदा व बदबूदार आ रहा है, जिसे पीना तो दूर की बात है, उससे कपड़े भी नहीं धोये जा सकते है। उन्होंने आगे बताया कि नुक्कड़सभा के बाद क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर नितिन गोयल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र होगा हंगामेदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः सोमवार** से शुरू हो रहा उप्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र भी हंगामेदार होगा। विपक्ष ने पहले से ही घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं सपा के साथ ही कांग्रेस ने भी लोकसभा में उप्र का मुद्दा प्रमुखता से उठाकर यह जता दिया है कि उसकी नजर भी उप्र पर है। इधर उप्र कांग्रेस ने 18 दिसम्बर को विधानसभा घेरने का प्लान पहले से तय कर रखा है। इसी के साथ ही विपक्ष को भाजपा का एक हैं तो सेफ हैं। का नारा भी हर वक्त खटक रहा है। उसकी गूंज भी विधानसभा में सुनाई पड़ने के आसार हैं। शुक्रवार को पहली बार लोकसभा में बोलते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने सबसे पहले उप्र की संभल, झांसी के मुद्दों को उठाकर यह जता दिया कि वे



वायनाड से भले सांसद हैं, लेकिन उनके केंद्र में उत्तर प्रदेश ही है। यह उप्र कांग्रेस नेताओं को भी नया जोश दे गया। इससे कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों में उत्साह देखने को मिला। वहीं दूसरे दिन शनिवार को भी राहुल गांधी ने ह्लउप्र में संविधान का राज नहीं, मनु स्मृति का राज चल रहा है ह्व कह कर उप्र के लगाव को दर्शा दिया।

विधानसभा में कांग्रेस के मात्र दो विधायक हैं। इस कारण वह विधानसभा में बहुत कुछ करने की स्थिति में नहीं है। इस कारण सोमवार को शुरू हो रहे विधानमंडल के शीतकालीन सत्र को घेरने के लिए उसने दूसरी रणनीति अपनाई है और 18 को उसे बाहर से कार्यकताओं को बुलाकर घेरने की तैयारी की है। वहीं भीतर भाजपा को घेरने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। उसके विधानसभा में 111 सदस्य हैं। अर्थात बाहर से विधानसभा को घेर कर कांग्रेस अपना जोर दिखाएगी। वहीं दूसरी तरफ भीतर सपा घेराबंदी कर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यहां कांग्रेस और सपा में एक दूसरे से आगे बढ़कर अल्पसंख्यक वर्ग का हितैशी दिखाने की होड़ है। भीतर कांग्रेस के सदस्यों की संख्या न के बराबर है। इस कारण उसने बाहर से घेराबंदी कर लोगों के बीच अपनी पकड़ दिखाना चाहती है। इससे सपा की बौखलाहट भी बढ़ने की उम्मीद है। कांग्रेस ने जब संभल मुद्दे को उठाया था, तब भी सपा ने नाराजगी जाहिर की थी। 16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है। सत्र के पहले दिन औपचारिक कार्य जैसे अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी, जिसके बाद उसे पारित किया जाएगा। वहीं 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक 20 दिसंबर को सदन आधे दिन संचालित होगा।

# अतुल सुभाष सुसाइड केसः पत्नी सहित सिंघानिया परिवार ने हाई कोर्ट में लगायी अग्रिम जमानत याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** इंजीनियर अतुल सुभाष मोदी सुसाइड मामले में आरोपित पत्नी निकिता सिंघानिया और ससुराल के दूसरे सदस्यों ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है। गिरफ्तारी से बचने के लिए पत्नी समेत सभी आरोपितों की अग्रिम जमानत की अर्जी पर मंगलवार या बुधवार को सुनवाई की सम्भावना है। अग्रिम जमानत अर्जी अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया के साथ सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग सिंघानिया और सुशील सिंघानिया ने दाखिल की है। बताया जा रहा है कि निकिता सिंघानिया का परिवार इस मामले में अर्जेंट



बेसिस पर सुनवाई की मांग को लेकर सोमवार को हाई कोर्ट में केस को मेंशन करने की तैयारी में है। कोर्ट में केस मेंशन कर अग्रिम जमानत की अर्जी पर उसी दिन या फिर जल्द से जल्द सुनवाई की गुहार लगाई जाएगी।

उधर, खुदकुशी करने वाले अतुल सुभाष का परिवार सिंघानिया परिवार की अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध कर सकता है। हालांकि अभी तक अतुल सुभाष के परिवार की ओर से कैविएट दाखिल होने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेजन म्यूजिक इंडिया ने टॉप हिट, आर्टिस्ट और पॉडकास्ट की बेस्ट ऑफ 2024 जारी की

**नई दिल्ली।** अब जबकि साल 2024 विदा होने ही वाला है, तो अमेजन म्यूजिक इंडिया बेस्ट ऑफ 2024 के जरिए आपको पूरे साल संगीत के क्षेत्र में होने वाले शानदार काम से रूबरू कराने जा रहा है। इस लिस्ट में डेब्यू के साथ चार्ट के टॉप पर पहुंचने वाले सितारे हैं तो श्रोताओं के पसंदीदा कलाकार भी हैं। इस लिस्ट से आपको उन शानदार गानों, प्लेलिस्ट, कलाकार और पॉडकास्ट की जानकारी मिलेगी जिन्होंने 2024 में दिलों पर राज किया।जाने-माने कलाकार, सचिन-जिगर, शिल्पा राव, विशाल मिश्रा, अरिजीत सिंह और अनिरुद्ध रविचंदर इस साल अमेजन म्यूज़िक पर सबसे ज्यादा स्ट्रीम किए जाने वाले कलाकार रहे। इन कलाकारों ने 2024 में संगीत के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियों से इस पूरे साल को चमकदार बनाया। अमेजन म्यूज़िक इंडिया के 42% से ज्यादा श्रोताओं ने हिंदी भाषा में संगीत सुनना पसंद किया, करण औजला का बैड न्यूज फिल्म का गाना तौबा तौबा इंडिया प्लेलिस्ट का सबसे ज्यादा सुना जाने वाला गाना रहा और राम संपत, अरिजीत सिंह और प्रशांत पांडे का लापता लेडीज का सजनी सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया गया हिंदी गीत रहा। बेस्ट ऑफ 2024 का सभी को बेसब्री से इन्तजार था और इस लिस्ट के बारे में बात करते हुए अमेजन म्यूजिक, इंडिया के हेड ऋषभ गुप्ता ने कहा, ह्लहम इस साल हमारे प्लैटफॉर्म के बेहतरीन गानों और कलाकारों को सामने लाते हुए हम बहुत रोमांचित हैं। हमारे प्लैटफॉर्म पर जिस तरह अलग-अलग भाषाओं और विधाओं के गीतों को श्रोताओं ने पसंद किया है उससे हम इस बात को लेकर और भी ज्यादा प्रतिबद्ध हो गए हैं कि हम हर कलाकार को ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचने का मौका दें। पॉप के क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार सबरीना कारपेंटर ने एस्प्रेसो के जरिए खासी धूम मचाई और 2024 के टॉप इंटरनेशनल सॉन्ग और आर्टिस्ट दोनों खिताब अपने नाम किए। करीब 61% श्रोताओं ने पंजाबी संगीत में दिलचस्पी दिखाई और पंजाबी आर्टिस्ट के तौर पर दिलजीत सिंह दोसांझ का क्रू से नैना टॉप पर रहा। क्रू के लिए दिलजीत ने बादशाह और राज रंजोध के साथ काम किया था। दिलजीत का यह गीत सबसे ज्यादा स्ट्रीम किए जाने वाला पंजाबी गीत रहा।

### फ्लिपकार्ट ने फ्लिपस्टार्स 2024 अवार्ड समारोह में अग्रणी सेलर्स को सम्मानित किया

**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने अपने प्रतिष्ठित फ्लिपस्टार्स 2024 अवार्ड समारोह के दौरान अपने 14 लाख सेलर्स की उपलब्धियों का जश्न मनाया। फ्लिपकार्ट सेलर्स के रेजिलिएंस, इनोवेशन एवं उद्यमिता की भावना के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं हेड ऑफ मार्केटप्लेस, बीजीएम, होम एंड ग्रॉसरी बिजनेस श्री साकेत चौधरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। फ्लिपस्टार्स अवाड्र्स फ्लिपकार्ट का सालाना उत्सव है, जिसमें फ्लिपकार्ट सेलर्स की उपलब्धियों और ग्राहकों की संतुष्टि एवं कारोबार के विकास में उनके योगदान का सम्मान किया जाता है। 2024 के आयोजन में बीजीएम, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम, फैशन, लाइफस्टाइल, फर्नीचर एवं अप्लायंसेज जैसी विभिन्न श्रेणियों में विशिष्ट उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा गया। इस पुरस्कार समारोह के लिए मेट्रो, टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में कुछ अहम मानकों के आधार पर सेलर्स का मूल्यांकन किया गया था। फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं हेड ऑफ मार्केटप्लेस, बीजीएम, होम एंड ग्रॉसरी बिजनेस श्री साकेत चौधरी ने इस अवसर पर कहा, फ्लिपस्टार्स अवार्ड एक्सीलेंस, रेजिलिएंस एवं बदलाव लाने की उद्यमिता की ताकत का उत्सव है।



फ्लिपकार्ट पूरे भारत में ई-कॉमर्स को सुगम बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और हमारे सेलर्स इसकी अहम कड़ी हैं। यह कार्यक्रम ग्राहकों की संतुष्टि एवं बिजनेस इनोवेशन में उनके उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करता है।

फ्लिपस्टार्स 2024 समारोह के दौरान बिल्डिंग इंडियाज ई-कॉमर्स आइडेंटिटीः एम्पावरिंग एंटरप्रेन्योर्स एंड ड्राइविंग ए ग्लोबल कन्वर्जेशन (भारत के ई-कॉमर्स को दे रहे पहचानः उद्यमियों को कर रहे सशक्त और वैश्विक विमर्श को दे रहे बढ़ावा) विषय पर चर्चा का आयोजन भी किया गया। इसमें सेलर्स को इनोवेशन एवं गठजोड़ से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्य बताए गए। इस सत्र में फ्लिपकार्ट के सीनियर डायरेक्टर यतीश भार्गव, लाइफलॉन्ग ऑनलाइन के सह-संस्थापक एवं सीईओ भरत कालिया और बेन एंड कंपनी के पार्टनर श्याम उन्नीकृष्णन बतौर पैनलिस्ट उपस्थित रहे।

## खड़ी बस में टक्कर मार ट्रक ने दो को रौंदा, चार जख्मी

**कन्नौज :आगरा-लखनऊ** एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार की रात के समय खड़ी बस में ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो सवारियों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 168 पर हुई। दिल्ली से 33 सवारियों को लेकर नेपाल के काठमांडू जाने के लिए बस निकली थी। जिसको नेपाल के सप्लाई जिले के जनकपुर आंचल निवासी पुष्कर थापा चला रहे थे। रात 12 बजकर 10 मिनट पर जैसे ही बस कन्नौज जिले के तालग्राम थाना क्षेत्र में पहुंची।

# बीएचयू के 104वें दीक्षांत समारोह में 14072 छात्रों को दी गई उपाधि

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू )के 104वें दीक्षांत समारोह में 14072 छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित मुख्य समारोह के मंच पर 30 मेधावियों को स्वर्ण पदक मंच से ही दिए गए। स्नातक के लिए प्रज्ञा प्रधान और स्नातकोत्तर के लिए ईशान घोष को चांसलर मेडल दिया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जेड स्केलर के सीईओ और चेयरमैन जय चौधरी ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल देने के बाद उन्हें सम्बोधित भी किया। उन्होंने छात्रों से बड़े सपने देखने और जीवन की मांग के अनुसार खुद



को ढालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पैसे के पीछे मत भागो, कुछ अलग करने के पीछे भागो। उपलब्धि की भावना ही मनुष्य को प्रेरित करती है। एक साधारण पृष्ठभूमि से वैश्विक तकनीकी आइकन बनने तक की अपनी व्यक्तिगत यात्रा को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि "प्रतिकूलता एक अद्भुत चीज है। जब मैंने हाईस्कूल पूरा किया तो आईआईटी के बारे में जानता भी नहीं था। 1977 में गांव से आकर पहली बार काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसा परिसर देखा। ग्रामर, इंग्लिश और कम्युनिकेशन सब कुछ गड़बड़ था। यहां पर गणित और रसायन विज्ञान पढ़-पढ़ कर अंग्रेजी सुधारी।

उन्होंने कहा कि बचपन में प्रतिकूल परिस्थितियों ने उन्हें काम करने की आदत विकसित करने में मदद की। उन्होंने कहा, "हम हमेशा अवसरों का सामना करते हैं। अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, तो आप अच्छे काम करते हैं, आपके साथ अच्छी चीजें होती हैं। ऐसा हर बार नहीं होता, लेकिन दस में से नौ बार, जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं और अतिरिक्त प्रयास करते हैं, उनके साथ अच्छी चीजें होती हैं।" उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने भविष्य में कदम रखते समय लचीलापन और निरंतर सीखने को अपनाएं। जोर देते हुए कि सफलता समर्पण, अनुकूलनशीलता और जोखिम लेने से मिलती है, उन्होंने छात्रों से साहसी बनने और चुनौतियों से डरने के बजाय उन्हें आगे बढ़ने के अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है और कमजोरियों का पता लगाना और उनमें सुधार करना बहुत महत्वपूर्ण है। बीएचयू में के अनुभवों,गंगाघाटों पर सैर और लंका क्षेत्र में टहलने का जिक्र कर छात्रों को कड़ी मेहनत करने को कहा।

# फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर भी 3000 रुपये तक की हो रही है वसूली

## आयुष्मान कार्ड बनाने की शिकायतों की गहनता से जांच कराई जाएगी: मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबादः आयुष्मान** कार्ड बनाने के नाम पर कुछ जनसेवा केंद्र संचालक लोगों से तीन हजार रुपये तक वसूल कर रहे हैं। सूची में शामिल जिन लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाए हैं, उनके नामों का फायदा उठाकर फजीवाड़ा चल रहा हैं। जिले में दो मामले ऐसे सामने आएं जिसमें दो मरीजों ने आयुषमान कार्ड की केवाईसी के दौरान पता चला कि वह फर्जी है। पीड़ितों ने जहां से कार्ड बनवाया था वह साइबर कैफे बंद हो चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने की शिकायतों की गहनता से जांच कराई जाएगी। आयुष्मान कार्ड बनवाने व इस संबंध में कोई भी जानकारी लेने के लिए कार्यालय में तैनात स्टाफ से लें। कार्यालय में रखी सूची या स्टाफ द्वारा सूची में नाम होने की पुष्टि हो जाए तभी कार्ड बनवाएं। जिले में 13 लाख 62 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने थे। इनमें से 11 लाख 20 हजार लोग आयुष्मान कार्ड बनवा चुके हैं। करीब दो लाख लोग ऐसे हैं जिनके नाम सूची में हैं लेकिन वह आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आगे नहीं आए। इन नामों का फायदा उठाकर कुछ जनसेवा केंद्र संचालक लोगों से कार्ड बनाने के नाम पर तीन हजार रुपये तक वसूल रहे हैं।

## एसडीओ पर अवैध वसूली और अभद्रता के आरोप, जांच की मांग

**मीरजापुर : विन्ध्याचल** क्षेत्र में तैनात एसडीओ रमेश वैश्य पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार के गम्भीर आरोप लगे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिजली बिल संशोधन, पीडी (परमानेंट डिस्कनेक्शन) और अन्य कार्यों के नाम पर पैसों की मांग की जाती है। बावली चौराहा निवासी रामकुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि चेकिंग के दौरान एसडीओ ने उनके घर जबरन प्रवेश किया और एक लाख रुपये की मांग की। पैसे न देने पर उनके परिवार के खिलाफ फर्जी बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है।

# गाजियाबाद में कबाड़ के गोदाम में भीषण आग



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः इंदिरापुरम** थाना क्षेत्र स्थित कनावाने में एक कबाड़ के गोदाम में शनिवार को भीषण आग लग गई। साथ ही इस आग की चपेट में आसपास बसी 18 झुग्गियां भी आ गई। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर कई घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत ये रही कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय से पहुंच गई वरना पास की झुग्गी बस्ती में भी आग फैल सकती थी और तबाही हो सकती थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई के कारण करीब 100 से ज्यादा झुग्गियों को आग लगने से बचाया जा सका है । उन्होंने बताया कि फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली में 11:58 बजे कनावनी में झुग्गी-झोपड़ियो में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी, फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 03 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग प्लॉट में पड़े कबाड़ में लगी थी उस प्लॉट में ही झुग्गी-झोपड़ियों भी स्थित थी आग तेजी से फैल रही थी और काला धुआँ बहुत तेज था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से लम्बी होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया, तुरन्त मौके की नजाकत को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निदेर्शानुसार फायर स्टेशन कोतवाली से 02 फायर टैंकर घटनास्थल पर बुलाये गये। इस अग्निकाण्ड में कुल 07 गाड़िया लगी है, फायर यूनिट ने आग को चारों तरफ से घेरते हुए आग पर काबू किया। लगभग 100 झुग्गी-झोपड़ियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित बचा लिया गया। इस आग में 18 झुग्गिया जली और दो बकरियां झुलस गई है ।

## ब्रह्माकुमारी का आध्यात्मिक सशक्तिकरण से खुशहाल जीवन पर कार्यक्रम 16 से

**प्रयागराजः प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 16 दिसम्बर से पोलो ग्राउंड, न्यू कैंट में आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा खुशहाल जीवन विषय पर एक विशाल कार्यक्रम आयोजित है। इसमें मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बीके शिवानी दीदी सम्बोधित करेंगी। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संयोजिका बीके मनोरमा ने सिविल लाइन स्थित कार्यालय में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि शिवानी पिछले करीब 30 सालों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने अपने प्रवचनों द्वारा दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में लाखों लोगों को नया जीवन दिया है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में मात्र 1.2 दिनों में 99.04 फीसदी दावों का निपटारा किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**अंबालाः** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि के लिए 99.04 फीसदी का दावा निपटान अनुपात घोषित किया है, जो उद्योग में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मृत्यु दावे के निपटारे में औसत समय मात्र 1.2 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री अमीश बैंकर ने कहा, "दावा सत्य का अंतिम क्षण होता है और हम हर दावे को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में, हमारा दावा निपटान अनुपात 99.04 फीसदी था, जबकि अंतिम दस्तावेज प्राप्त तिथि से गैर-जांच किए गए दावों के लिए हमारा औसत दावा निपटान समय मात्र 1.2 दिन था। इसके अलावा, हमने इसी अवधि में कुल 451 करोड़ रुपये से अधिक के मृत्यु दावों का निपटारा किया। हमारी ह्लक्लेम फॉर श्योरह्व पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा करने के बाद एक दिन में पात्र दावों का निपटान करने का वादा करते हैं। हमने इस पहल के तहत क्यू- 2 वित्तीय वर्ष 2025 में 71.24 करोड़ रुपये के मृत्यु दावों का निपटान किया है। हमारे पास लगातार उद्योग में अग्रणी दावा निपटान अनुपात रहा है; क्यू-1 -वित्तीय वर्ष 2024 में यह 97.94 फीसदी था,क्यू- 2 वित्तीय वर्ष 2024 में यह 98.14 प्रतिशत था, क्यू 3 वित्तीय वर्ष 2024 में यह 98.52 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2024 के लिए यह 99.17 प्रतिशत था।

# प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलटी, महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**बांदाः बांदा से** बबेरू वाया राजापुर चित्रकूट की ओर जा रही एक प्राइवेट बस शुक्रवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास पलट गई। बस की रफ्तार तेज होने के कारण दुर्घटना हुई। दुर्घटना में एक महिला यात्री की मौत हो गई। जबकि सभी 70 यात्री घायल हो गए। इनमें 24 यात्रियों को जिला अस्पताल व रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर है। दुर्घटना बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नीचे दोहा बबेरू रोड पर हुई। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस



अधीधक ने घटनास्थल का जायजा लिया।

शनिवार को लगभग 11.30 बजे प्राइवेट बस यूपी 90,बी 9954 बांदा से होकर बस बबेरू राजापुर चित्रकूट की ओर जा रही थी। बस में करीब 70 यात्री सवार थे, जैसे ही बस देहात कोतवाली अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास बबेरू दोहा मार्ग पर पहुंची। तभी तेज रफ्तार होने के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। यह देखते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और जानकारी पुलिस को दी। साथ ही बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालना शुरू कर दिया। इस बीच अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज समेत भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को निकाल कर जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जिन यात्रियों की हालत ज्यादा खराब थी उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। दुर्घटना में शांति (46) पत्नी गुड्डुराम निवासी बनवारीपुर जनपद चित्रकूट की मौके पर मौत हो गई। ज्यादातर घायल यात्री बबेरू और चित्रकूट क्षेत्र के रहने वाले हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि देहात कोतवाली अंतर्गत बांदा से बबेरू की ओर जा रही एक प्राइवेट बस बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे क्रॉसिंग के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में छह यात्रियों को भर्ती कराया गया है, जिनमें में दो की हालत गंभीर है। दुर्घटना में शांति नाम की महिला की मौत हो गई है।

# 18 दिसम्बर को कांग्रेसी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करेंगे, पार्टी ने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः प्रदेश** शासन के कुशासन के खिलाफ, जनता के सवालों का जवाब लेने के लिए कांग्रेस ने आगामी 18 दिसम्बर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया है। पार्टी के इस कार्यक्रम में पार्टी के फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता भी इसमें पूरे दमखम से भाग लेंगे। शनिवार अपरान्ह में पार्टी के मैदागिन स्थित कार्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा ने दी।

पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ,कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ,राष्ट्रीय महासचिव/सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में चल रही लोकतंत्र व संविधान बचाने की लड़ाई को मजबूती देने के लिए कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता सरकार के कुशासन से त्राहि-त्राहि कर रही है। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और अपनी नाकामी छुपाने के लिए सिर्फ धार्मिक तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। कहा कि बिजली कंपनियों के निजीकरण की साजिश भी हो रही है। प्रदेश के अन्नदाता किसानों के साथ भाजपा सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है। सरकार ने किसानों के हित में कोई काम तो नहीं ही किया, उल्टे उनकी परेशानियों में इजाफा जरूर किया है।

अभी बुवाई के समय डीएपी की किल्लत पैदा की गई और फिर उसकी कालाबाजारी हुई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bharadwaj Group






# हेल्थ सेक्टर में मिल रही अच्छी सुविधा: योगी

## संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 41 वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

**मानक**

▸▸ सीएम ने संस्थान की कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन, फैकल्टी मेंबर्स और स्टूडेंट्स को किया सम्मानित



**टीम एक्शनन इंडिया**

**लखनऊ:** एसजीपीजीआई उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में स्वास्थ्य के मानक और मेडिकल एजुकेशन के स्टैंडर्ड को तय कर रहा है। बिना किसी शोरगुल के अपनी इस यात्रा को ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। वर्तमान में पीजीआई में रोबोटिक सर्जरी की जा रही है। अब इससे आगे बढ़कर एआई का इस्तेमाल कर पेशेंट को सुविधा देने की दिशा में पीजीआई केंद्र के रूप में स्थापित होगा। यह पीजीआई की नई ऊंचाइयों को दशार्ता है। पीजीआई में वर्ष 2024 में अब तक 1,16,000 पेशेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 48,600 पेंशेट का इलाज किया गया। वहीं 14 हजार से अधिक ऑपरेशन किये गये जबकि 114 किडनी ट्रांसप्लांट, 32 बोनमेरो ट्रांसप्लांट, 1 लिवर ट्रांसप्लांट, 591 ओपन हार्ट सर्जरी और 319 रोबोटिक सर्जरी की गयी। यह पीजीआई की सफलता को दशार्ता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 41 वें स्थापना दिवस समारोह में कहीं। इस दौरान सीएम योगी ने संस्थान की कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। साथ ही फैकल्टी मेंबर्स और स्टूडेंट्स को बेस्ट रिसर्च और परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया।

**अगले 5 वर्ष एसजीपीआई के लिए बेहद महत्वपूर्ण: सीएम योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीजीआई ने पिछले 7 वर्षों में समय के प्रवाह के साथ अपनी स्पीड को बढ़ाया है। वहीं अगले 5 वर्ष संस्थान के लिए और भी महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। आज यहां पर वह डिपार्टमेंट खुल रहे हैं, जिनके बारे में कोई सोचता तक नहीं था। संस्थान पूरी प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड पर काम कर रहा है। संस्थान में जो कुछ भी नया हो सकता है, उसके लिए हमें पूरी मजबूती के साथ काम करना होगा। देश का यह पहला संस्थान है, जिसे सीएसआर से 5 सौ करोड़ मिले हैं। इसके जरिये सलोनी हार्ट फाउंडेशन द्वारा बच्चों को हार्ट सर्जरी कर उनका नया जीवन प्रदान किया जा रहा है। सीएसआर फंड से सलोनी हार्ट फाउंडेशन के साथ रैन बसेरा का भी निर्माण किया जा रहा है।

### हर मरीज चाहता है कि उसे अच्छी सुविधा मिले: सीएम

सीएम योगी ने कहा कि हर मरीज चाहता है कि उसे अच्छी सुविधा मिले। ऐसे में हमारे डॉक्टर्स को अपनी स्पीड तीन गुना बढ़ानी होगी। इसके लिए सरकार हर संसाधन उपलब्ध कराएगी। सीएम योगी ने कहा कि जब कोरोना वायरस यूपी में आया तब प्रदेश में सर्वे कराया गया। उस दौरान 36 ऐसे जनपद थे, जहां आईसीयू के बेड नहीं थे। तब यहां के निदेशक के सुझाव पर टेली आईसीयू की सुविधा शुरू की गयी। इसके जरिये सभी जनपदों में हजारों लोगों की जान को बचायी गयी। वह एक शुरूआत थी, आज 6 मेडिकल कॉलेज पहले चरण में इससे जुड़ गये हैं। वहीं आने वाले समय में सभी मेडिकल कॉलेज को इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। हैं प्रदेश के अंदर आने मेडिकल कॉलेज को भी इसके साथ जोड़ने की तैयारी हो रही है

**एक वर्ष में खुले गये 18 मेडिकल कॉलेज, 1947 से 2017 तक थे केवल 12 मेडिकल कॉलेज**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 1947 से लेकर के 2017 तक केवल 12 मेडिकल कॉलेज ही खोले गए। वहीं अकेले इस वर्ष 13 गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू किया गया, जिसमें एडमिशन हुए हैं। इसके अलावा तीन गवर्नमेंट पीपीपी मोड और दो अन्य प्राइवेट मेडिकल कॉलेज संचालित हुए हैं यानी कुल 18 मेडिकल कॉलेज इस वर्ष खुले हैं। प्रदेश में हमारी सरकार 65 जनपद में मेडिकल कॉलेज खोल चुकी है, हर जिले में फ्री डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# हर सफल व्यक्ति के साथ होती है महिला शक्ति: सीएम भजनलाल



**महिला सुरक्षा**

▸▸ राजस्थान में भाजपा सरकार के एक साल पूरा होने पर उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर: मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा, "पहले कहा जाता था कि हर सफल पुरुष के पीछे एक महिला होती है, लेकिन अब हर सफल व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिला शक्ति होती है। हमारी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाए हैं।" मुख्यमंत्री शनिवार को राजस्थान में भाजपा सरकार का एक साल पूरा होने पर उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान राजस्थान महिला अपराधों के लिए बदनाम था। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार ने इसे बदलने के लिए गंभीर प्रयास किए। रात की पेट्रोलिंग शुरू करने से लेकर महिला सुरक्षा के लिए ऐप तक, कई योजनाओं को लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने राजकोप सिटीजन ऐप में 'महिला सुरक्षा' सेक्शन का शुभारंभ किया।

इस ऐप में 'नीड हेल्प' बटन पर क्लिक करते ही महिला की लोकेशन पुलिस के पास पहुंच जाएगी। इसके माध्यम से महिलाएं कॉल या मैसेज के जरिए तुरंत सहायता प्राप्त कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने पैनिक बटन प्रोजेक्ट का भी शुभारंभ किया। 11 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के तहत रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाए जाएंगे। बटन दबाने पर बस की लोकेशन और ड्राइवर-कंडक्टर की जानकारी मुख्यालय और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचेगी। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस या प्रशासन की सहायता तुरंत उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में 45 लाख स्वयं सहायता समूह के लिए राज सखी पोर्टल लॉन्च किया गया और 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम वितरित किए गए। 13.42 लाख महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर के लिए 48 करोड़ रुपये डीबीटी के जरिये खातों में भेजे गए। साथ ही 1 लाख लखपति दीदी का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, "जहां नारियों का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा में शक्तिशाली एंटी ड्रोन तैनात



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: म**हाकुम्भ में योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में 45 करोड़ लोगों की देख-रेख का सुरक्षित प्लान तैयार कर लिया गया है। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए शक्तिशाली एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिया गया है। साथ ही, बिना अनुमति उड़ाए जाने वाले ड्रोन को लेकर बेहद सख्त कार्यवाही शुरू कर दी गई है। महाकुम्भ नगर में दो ड्रोन को हवा में फरार्टा भरते दबोचा गया है। आगे सतर्कता का पूरा ध्यान रखने के साथ ही उन्हें नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

**दो ड्रोन किए डिएक्टिवेट**

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर महाकुम्भ की पुलिस बेहद चौकन्नी है।

# धर्मांतरण रोकथाम कानून आज के समय की मांग: विश्व हिंदू परिषद

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** विश्व हिंदू परिषद ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने के राजस्थान सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। राणा सांगा और महाराणा प्रताप जैसे धर्मवीरों की धरती पर धर्मांतरण के षड्यंत्र राजस्थान के समाज को वर्षों से उद्वेलित कर रहे थे। राजस्थान सरकार ने धर्मांतरण को रोकने का जो निर्णय लिया है।

# देहरादून को बनाएंगे इको-फ्रेंडली! मुख्यमंत्री धामी करेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून शहर में जल्द ही 10 इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिनका लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जल्द ही करेंगे। यह अभिनव



पहल जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में हो रही है, जो शहर को इको-फ्रेंडली बनाने के प्रयास में जुटे हैं। इन चार्जिंग स्टेशनों में से दो प्रमुख स्टेशन गांधी पार्क और परेड ग्राउंड के सामने पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। खास बात यह है कि इन स्टेशनों को जीरो खर्चे पर स्थापित किया जा रहा है, जो एक अनूठी पहल साबित हो रही है। ईवी चार्जिंग स्टेशन के स्थापित होने से जहां एक ओर वाहन चालकों को सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर यह शहर के पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में भी मदद करेगा।

# कांग्रेस ने हमेशा सत्ता को दी प्राथमिकता: सीपी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चित्तौड़गढ़**

**भारतीय जनता पा**र्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने शनिवार को अपने दिल्ली स्थित आवास पर मीडिया से बात की। इसमें उन्होंने संविधान सहित अन्य मुद्दों पर कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। सांसद सीपी जोशी ने कहा जनता सब जानती है कि संविधान किसकी वजह से खतरे में है। कांग्रेस ने हमेशा सत्ता को प्राथमिकता दी संविधान को नहीं। पूर्व पीएम नेहरू से लेकर इंदिरा और राजीव गांधी ने कई बार संविधान को तार-तार करने का प्रयास किया। देश में इमरजैंसी भी कांग्रेस पार्टी के कारण ही आई थी।







